तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 23 जून 2025



13 शाह बोले- छत्तीसगढ़ समेत पूरे मध्यभारत का क्रिमिनल...





14 डूंडा की शराब दुकान बंद कराने लगातार जारी है...





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागी इव फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


# ऐसी किल्लत...केंद्रीय विद्यालयों में भी नहीं पहुंच सकी एनसीईआरटी की किताबें, जून में भी ब्रिज कोर्स की मदद से पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बाजार से एनसीईआरटी की किताबें लगभग गायब ही हो गई हैं। सर्वाधिक दिक्कत उन कक्षाओं की किताबों के लिए हो रही हैं, जिनके पाठ्यक्रम में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से बदलाव किया गया है। इनमें पांचवी और आठवीं की किताबें शामिल हैं। स्थिति यह है कि इन विषयों की किताबें ऑनलाइन भी मौजूद नहीं है। ऐसे में स्कूल छात्रों को ब्रिज कोर्स ही पढ़ा रहे हैं। ब्रिज कोर्स एनसीईआरटी द्वारा अप्रैल माह में छात्रों को अध्यापन के लिए उपलब्ध कराई गई थी। सभी विद्यालयों को ऑनलाइन ब्रिज कोर्स का मटेरियल भेजा गया था।

इसके माध्यम से स्कूलों में अप्रैल माह तक अध्यापन कार्य कराया गया। जून माह में दोबारा स्कूल खुलने के बाद भी किताबें उपलब्ध नहीं होने के कारण इन्हें ही पढ़ाया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालयों के अलावा प्रदेश में केवल निजी विद्यालयों में ही सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू है, जहां एनसीईआरटी किताबों के माध्यम से अध्यापन होता है। निजी विद्यालय प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों से पढ़ाई करवाते हैं। ऐसे में उन्हें अधिक ⏭ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

## पांचवी-आठवीं की किताबों का सर्वाधिक संकट, ऑनलाइन भी मौजूद नहीं

### चौथी, पांचवी, सातवीं व आठवीं के लिए नई किताबें

राजधानी रायपुर के विभिन्न केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, सत्र 2025-26 से एनसीईआरटी ने कक्षा 4, 5, 7 और 8 के लिए नई पाठ्यपुस्तकें जारी करने का फैसला किया था। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किए गए हैं। इनमें से पांचवी और आठवीं कक्षा के अधिकतर विषयों की किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं, जबकि चौथी और पांचवी के कुछ विषय की किताबें नहीं मिल पा रही हैं।



### क्या है ब्रिज कोर्स

ब्रिज कोर्स एक ऐसा कोर्स है जो पाठ्यक्रम परिवर्तन होने पर पुराने पाठ्यक्रम और नए पाठ्यक्रम के मध्य सेतू का कार्य करता है। विशेष रूप से ब्रिज कोर्स छात्रों को अब तक की कक्षाओं में पढ़े गए टॉपिक से जोड़ने का कार्य करता है ताकि जब छात्र नया पाठ्यक्रम पढ़ें तो उन्हें अधिक दिक्कत ना हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली से बारहवीं तक सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाना है। क्रमवार प्रत्येक वर्ष कुछ कक्षाओं में पाठ्यक्रम में बदलाव हो रहा है। जिन कक्षाओं के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाना है, उन कक्षा के छात्रों के लिए 30 से 45 दिन का ब्रिज कोर्स प्रस्तावित है।

## खबर संक्षेप

### सब्जी खरीदने गई महिला की चेन लूटकर बदमाश फरार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक महिला ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ चेन स्नैचिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोटा निवासी रीता शर्मा ने चेन स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। रीता ने पुलिस को बताया कि वह कोटा सब्जी बाजार में सब्जी खरीदने के लिए गई थी। सब्जी खरीदने के दौरान एक लड़का महिला के पीछे की तरफ से गले में पहनी 78 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन झपट्टा मारकर छीन लिया और फरार हो गया।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर एक लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा गुल्लक तोड़कर पांच हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी धरमचंद ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। धरमचंद ने पुलिस को बताया कि 15 दिन पूर्व वह अपने परिवार के साथ गरियाबंद गया था। शनिवार सुबह धरमचंद को उसके पड़ोसी ने चोरी की जानकारी दी। लौटने पर घर और आलमारी का ताला टूटा मिला। अज्ञात चोर आलमारी से नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया था।



### घर-क्लीनिक का दरवाजा तोड़ने वाले 4 गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह इलाके में सूने मकान और बंद क्लीनिक सहित तीन घटनाओं को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 लैपटॉप, एक कैमरा, एक घड़ी सहित 2 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। खम्हारडीह थाने में हर्ष शर्मा, सुजाता सिंधी की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना के आधार पर लोधीपारा निवासी विवेक दुबे की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटनाओं को अपने तीन साथी, जो विधि के साथ संघर्षरत बालक है, के साथ मिलकर अंजाम देना बताया गया।


### बाइक चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** बाइक चोरी करने के आरोप में ग्राम कोकड़ी कुरुद निवासी तुकाराम साहू को गिरफ्तार किया गया है। सिविल लाइंस थाने में 13 जून को चित्रसेन साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी कर लॉक कर कोर्ट गया था, वापस आकर देखा तो गाड़ी गायब थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और थोड़ी मशक्कत के बाद तुकाराम साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है।

कहीं दुकान बंद तो कहीं एपीएल के लिए स्टाक नहीं, कुछ जगह राशन के लिए डबल लाइन

# तीन माह का राशन बना जी का जंजाल, दुकानें खाली, हफ्तेभर की वेटिंग, नो स्टॉक का लगा बोर्ड

### राशन दुकानदारों के ग्रुप में आईडी के साथ चल रहा स्टाक नहीं आया



पंडरी के राशन दुकान में डबल लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं को 3 माह का राशन एक साथ देने के निर्णय के बावजूद शहर की राशन दुकानों में आम आदमी की तकलीफ कम होने का नाम नहीं ले रही है। कहीं पर पॉस मशीन का सर्वर स्लो होने से लोगों को आधे घंटे से पौन घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं कुछ राशन दुकानों में बीपीएल श्रेणी का चावल वितरण के लिए एक नहीं डबल लाइन लगाने की नौबत आई है। एपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के हिस्से का चावल कई राशन दुकानों में अब तक नहीं पहुंचा है। इसके चलते डीडीनगर, शांति विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी सहित अन्य राशन दुकान में स्टॉक नहीं का बोर्ड लगाकर दुकान बंद रखी गई है। दुकानदारों का कहना है पिट पास कटाने के बाद भी मंदिर हसौद और गुढ़ियारी से गाड़ियां आने में लेटलतीफी हो रही है।

⏭ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि लाइव

## प्रोसेस में लग रहा समय, सर्वर डाउन की शिकायत भी

### पंडरी में राशन के लिए डबल लाइन

**केस 01** गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित पंडरी में पार्षद कार्यालय के पास सरकारी राशन दुकान के सामने रविवार को 3 माह का राशन लेने उपभोक्ताओं की लंबी लाइन नजर आई। यहां सिंगल लाइन की जगह डबल लाइन लगाकर लोग राशन लेने अपनी पारी का इंतजार करते देखे गए। लाइन में खड़े पंडरी निवासी महेश कुमार ने बताया कि बीपीएल उपभोक्ताओं को राशन मिल रहा है, इसलिए सुबह से लाइन लगाकर खड़े हैं। एपीएल श्रेणी का चावल अभी तक राशन दुकान में नहीं पहुंचा है।

### दस दिन बाद आया राशन, सर्वर स्लो

**केस 02** नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित लालबहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी में संचालित राशन दुकान में 10 दिन इंतजार के बाद राशन का चावल पहुंचा। राशन लेने कतार में खड़ी महिलाओं ने बताया कि पॉस मशीन का सर्वर बहुत स्लो चल रहा है। इसके कारण एक उपभोक्ता को राशन वितरण करने में आधे घंटे का समय लग रहा है। राशन दुकान समय पर नहीं खुलने की शिकायत भी लोगों ने की है। संबंधित राशन दुकान में 2500 राशन कार्डधारी हर माह राशन लेने आते हैं। इस बार देर से राशन वितरण होने से उपभोक्ताओं को खासी परेशानी हो रही है।



लभांडी में सर्वर स्लो, उपभोक्ता परेशान



सारथी चौक राशन दुकान, स्टॉक नहीं

### डीडीनगर सेक्टर 1 की राशन दुकान में लगा बोर्ड

**केस 03** पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित डीडीनगर सेक्टर 1 में संचालित राशन दुकान में स्टॉक नहीं होने का बोर्ड लगाकर दुकान बंद रखी गई है। यही स्थिति शांति विहार कॉलोनी की राशन दुकान की है। पार्षद कार्यालय के पास वाली राशन दुकान में बीपीएल श्रेणी ⏭ शेष पेज 13 पर

### कार्ड जमा कर दो दिन बाद राशन के लिए बुला रहे

**केस 04** संत रविदास वार्ड स्थित सरोना में संचालित राशन दुकान में उपभोक्ताओं के राशनकार्ड दुकान में जमा कराए जा रहे हैं। उन्हें गाड़ी नहीं आने का हवाला देकर 2 दिन बाद राशन का पता करने कहा जा रहा है। दुकान संचालक ने बताया कि पिट पास जमा ⏭ शेष पेज 13 पर

# पुलिसकर्मियों ने शनिवार की छुट्टी खत्म करने पर खोला गुमनाम मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग में शनिवार की छुट्टी खत्म करने के फैसले का अनुशासन के महकमे में विरोध शुरू हो गया है। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के पुलिसकर्मियों ने इस संबंध में एक गुमनाम पत्र मुख्यमंत्री के नाम जारी किया है। पत्र की प्रति कई उच्च पदस्थ लोगों समेत प्रेस को भी जारी की गई है। खास बात ये है कि पत्र लिखने वाले की जगह समस्त अधिकारी, कर्मचारी पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर लिखा है। पत्र में किसी के हस्ताक्षर नहीं हैं। पत्र की प्रति गृहमंत्री छत्तीसगढ़, उच्च न्यायालय बिलासपुर, प्रमुख सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को भेजी गई है।

■ अधिकारियों-कर्मचारियों की ओर से जारी हुआ पत्र

खास खबर

**शासन के आदेश की अवहेलना:** पुलिस मुख्यालय के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम से जारी पत्र में कहा गया है कि शासन के ⏭ शेष पेज 13 पर

### पीएचक्यू ने मई में जारी किया आदेश

पुलिस मुख्यालय में शनिवार का अवकाश खत्म करने संबंधी आदेश 20 मई 2025 को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) ने जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि कार्यालयीन कार्यों की महत्ता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए समयसीमा में प्रकरणों का निराकरण आवश्यक है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक ने शनिवार के दिन भी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होकर आवश्यक शासकीय कार्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया है। इसलिए सभी शाखाओं में प्रत्येक शनिवार को संरचनात्मक उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों से संबंधित शाखा प्रभारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। साथ ही पर्यवेक्षण के लिए सहायक पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारियों को भी शनिवार के दिन कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश सभी चार एडीजी तथा पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी नवा रायपुर को दिए गए हैं।

# बिलासपुर-काचीगुडा के बीच आज से चलेगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर और काचीगुडा के बीच चार फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 08263/08264 बिलासपुर-काचीगुडा-बिलासपुर के मध्य चलाई जाएगी। यह ट्रेन बिलासपुर से 23 जून, 30 जून, 7 जुलाई और 14 जुलाई को रवाना होगी, जबकि वापसी में काचीगुडा से 24 जून, 1 जुलाई, 8 जुलाई और 15 जुलाई को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे, जिनमें 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य श्रेणी, 7 स्लीपर और 2 एसी थ्री-टियर कोच शामिल हैं। ट्रेन का उद्देश्य यात्रा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करना और यात्रियों को वैकल्पिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। बिलासपुर से काचीगुडा



के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या 08263 सुबह 10.05 बजे बिलासपुर से रवाना होगी और भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वड्सा, चांदाफोर्ट, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, काजीपेट जंक्शन, चरलापल्ली होते हुए अगले दिन रात 1.30 बजे काचीगुडा पहुंचेगी। वहीं काचीगुडा से बिलासपुर लौटने वाली गाड़ी संख्या 08264 सुबह 4.30 बजे काचीगुडा से रवाना होगी और मुजफ्फरनगर, चरलापल्ली, काजीपेट, ⏭ शेष पेज 13 पर

राज्यपाल, चीफ जस्टिस की सलाह पर हुआ बदलाव

# जिला न्यायपालिका में कर्मचारियों की नियुक्तियों का नियम बदला, अब सीजे के आदेश पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की जिला न्यायपालिका के सभी पदों के लिए भर्ती के नियम में बड़ा बदलाव किया गया है। खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर यह बदलाव राज्य सरकार के विधि और विधायी विभाग ने किया है।

विधि और विधायी विभाग ने इस संबंध में नियम 16 में संशोधन करते हुए सीधी भर्ती के लिए चयन का तरीका इस प्रकार बनाया है। जिला न्यायपालिका के सभी पदों के लिए चयन, जो सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने हैं, राज्य सरकार की किसी भर्ती एजेंसी जैसे सीजी व्यापमं के माध्यम से समय-समय पर मुख्य न्यायधीश द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार किया जाएगा।



### पहले ये था नियम

राज्य सरकार की वर्ष 2023 की एक अधिसूचना के मुताबिक, 2023 में बनाए गए नियम में चयन की रीति इस प्रकार थी। सभी पद जो सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने हैं तथा जिनमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कार्यालय प्रमुख नियुक्ति अधिकारी हो, हेतु चयन सबंधी स्थापना की परीक्षा समिति द्वारा इस संबंध में राज्य शासन तथा मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रचलित नियमों, निर्देशों, अनुदेशों के अनुसार की जाएगी।

### अपनाई जाएगी ये प्रक्रिया

नियम में संशोधन के तहत सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने वाले जिला न्यायपालिका के पदों के लिए विज्ञापन का प्रारूप संबंधित जिला न्यायपालिका की परीक्षा समिति द्वारा आरक्षण नीति, अन्य नियमों और विनियमों, उच्च न्यायालय, राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए पदों की पहचान कर तैयार किया जाएगा। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही के लिए उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को भेजा जाएगा। उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा सभी जिला न्यायालय से सीधी भर्ती के माध्यम से वर्ग तीन एवं वर्ग चार के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्राप्त होने के बाद उन्हें राज्य सरकारी किसी भर्ती एजेंसी जैसे व्यापमं के माध्यम से मुख्य ⏭ शेष पेज 13 पर

# गैस एजेंसी के गल्ले से तीन लाख रुपए ले उड़ा चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आजाद चौक थाने में इंडियन गैस एजेंसी के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ एजेंसी के ऑफिस के गल्ले से तीन लाख 30 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अज्ञात चोर ने रुपए चोरी करने के बाद बचने के लिए एजेंसी में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। डीवीआर की मदद से पुलिस अज्ञात चोर के सीसीटीवी फूटेज निकालकर पहचानने की कोशिश कर रही है। आशीष मरकाम की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का अपराध दर्ज किया है। आशीष ने पुलिस को बताया कि मुकुट नगर में उनकी गैस एजेंसी का दफ्तर है। गैस एजेंसी के ऊपरी माले में मकान निर्माण चल रहा है। शनिवार रात साढ़े 8 बजे ऑफिस बंद करके जाने के बाद दूसरे दिन कर्मचारी ने ऑफिस खोला तो उसने देखा कि एक बल्ली ऑफिस के अंदर पड़ी है। अज्ञात चोर गल्ला तोड़कर रकम चोरी कर ले जा चुका था। आशीष के अनुसार, ⏭ शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

योगः कर्मसु कौशलम्

योग संगम एवं हरित योग
#IDY2025




# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025

21 जून 2025 - शनिवार

स्थान - रंजीता स्टेडियम, जशपुर (छ.ग.) में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल वनांचल क्षेत्र जशपुर जिले ने अंतराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर एक नई उपलब्धि प्राप्त करते हुए विश्व पटल पर अपना अमित परिचय देते हुए योग की महत्ता को सब के समक्ष सफलता पूर्वक प्रदर्शित कर सफल कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष माननीय श्री रूपनारायण सिन्हा जी के मार्गदर्शन में किया।

हम उक्त कार्यक्रम की सफलता का श्रेय समस्त सहयोगियों एवं छत्तीसगढ़ शासन व प्रदेश की जनता को देते हुए

**हम समस्त प्रदेशवासियों का आभार प्रकट करते हैं।**



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए छ.ग. राज्य योग आयोग के अध्यक्ष मा. रूपनारायण सिन्हा जी ।



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष माननीय रूपनारायण सिन्हा जी एवं प्रदेश के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी द्वारा योगाभ्यास में सम्मिलित होने आये सभी लोगों का आभिवादन करते हुए।



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के साथ सभी लोग योगाभ्यास करते हुए।




एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**विनीत- समस्त योगसाधक गण छ.ग.**

योगः कर्मसु कौशलम्

योग संगम एवं हरित योग
#IDY2025




# अंतर्राष्ट्रीय yoga दिवस 2025

**21 जून 2025 - शनिवार**

स्थान - रंजीता स्टेडियम, जशपुर (छ.ग.) में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल वनांचल क्षेत्र जशपुर जिले ने **अंतराष्ट्रीय विश्व योग दिवस** पर एक नई उपलब्धि प्राप्त करते हुए विश्व पटल पर अपना अमित परिचय देते हुए योग की महत्ता को सब के समक्ष सफलता पूर्वक प्रदर्शित कर सफल कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष माननीय **श्री रूपनारायण सिन्हा जी** के मार्गदर्शन में किया।

हम उक्त कार्यक्रम की सफलता का श्रेय समस्त सहयोगियों एवं छत्तीसगढ़ शासन व प्रदेश की जनता को देते हुए

**हम समस्त प्रदेशवासियों का आभार प्रकट करते हैं।**



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए छ.ग. राज्य योग आयोग के अध्यक्ष मा. रूपनारायण सिन्हा जी।



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष माननीय रूपनारायण सिन्हा जी एवं प्रदेश के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी द्वारा योगाभ्यास में सम्मिलित होने आये सभी लोगों का अभिवादन करते हुए।



छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के साथ सभी लोग योगाभ्यास करते हुए।



**श्री रूपनारायण सिन्हा जी**
माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**

# विनीत- समस्त योगसाधक गण छ.ग.

## खबर संक्षेप



### मितानिन संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**तिल्दा नेवरा।** दुर्गकोंदल जिला कांकेर की मितानिन प्रशिक्षक जयंती मंडल की पिछले दिनों हत्या कर दी गई जिसके बाद पूरे प्रदेश में मितानिन संघ द्वारा घटना की घोर निंदा की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में तिल्दा मितानिन संघ द्वारा शुक्रवारतिल्दा ब्लॉक मितानिन एम टी बीसी हेल्प डेस्क के द्वारा तिल्दा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लिखित ज्ञापन दिए है। ज्ञापन में कांकेर जिला के उक्त घटना पर रोष व्यक्त कर हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा देने एवं मृतिका मितानिन प्रशिक्षक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई।

### आरंग के फुटकर बाजार का उद्‌घाटन लंबित



**आरंग।** सत्रह वार्ड वाले नपा परिषद आरंग के कुछ वार्डो में फूटकर व्यावसायियों को व्यवसाय हेतु शेड और चबूतरा के साथ सामान रखने के लिए छोटा खोली का निर्माण भी किया गया है। वार्ड क्र 14 अकोली रोड आरंग में बना फुटकर, मनिहारी, छोटे व्यवसाई और चिल्हर सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाया गया है। इस छोटा बाजार में पार्किंग व लाइट की भी व्यवस्था है। छोटा बाजार में एक दर्जन व्यवसाई लाभान्वित होंगे। इसकी उद्‌घाटन कर शुभारंभ करने से वार्ड के निवासियों और फुटकर व्यवसाई दोनों लाभान्वित होंगे। किंतु यह छोटा बाजार उद्‌घाटन के प्रतीक्षा में बाट जोह रहे हैं। वही खाली होने से पशुओं का बसेरा बना हुआ है।

---

योग दिवस

**योगाभ्यास से आत्मशक्ति का होता है विकास**

# योग दिवस पर आरंग में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सामूहिक योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में तहसील मुख्यालय कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस डॉक्टर अंबेडकर भवन नगर पालिका परिषद आरंग में शुभ संकल्पों एवं ओम के नाद गुंजन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, विद्यार्थियों, अधिकारी कर्मचारीगण के साथ योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग किया गया तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने कहा कि योग आपको केवल फिटनेस नहीं देता अपितु यह संपूर्ण जीवन शैली है जो हमारे तन मन और आत्मा को जोड़ने का प्रयास करती है। इस दिवस का श्रेय उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। वहीं अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ ध्रुव कुमार मिर्धा ने कहा कि योग सतत सीखने की प्रक्रिया है जो तन मन को स्वस्थ करने के साथ अच्छे कार्य करने की दिशा में प्रेषित करता है। उन्होंने योग दिवस की सभी को बधाइयां दी। वही जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी साहू ने कहा कि योग कला है जो आपको अपनी वास्तविक छवि दिखाता है। उन्होंने सभी से योग को अपने जीवन शैली का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। वही योग प्रशिक्षक तारकेश्वर डडसेना, अमित अग्रवाल, पूर्णिमा साहू, लोमेश्वरी चंद्राकर ने योग को शुभ शिव संकल्प से जोड़ते हुए योग सूत्र के संकलन करता महर्षि पतंजलि को नमन किया एवं इस बात पर भी प्रकाश डाला की कौन सा योग किसके लिए फायदेमंद है। उन्होंने योग में श्वास पर ध्यान देने की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण बताया और प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शशांकासन, उष्ट्रासन पादहस्तचालन, ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, ग्रीवासन, धनुरासन, स्कंध आसान, तितलीआसन, घुटना संचालन आसन आदि कराया। इसमें प्रशिक्षक होरीलाल पटेल एवं वेदिता मेडम की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षक अरविंद वैष्णव एवं सहयोग शिक्षक महेंद्र पटेल, सीएसी हरीश दीवान ने किया आभार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम आरंग शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को बधाई दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुमार सिंह लहरे, तहसीलदार सीता शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, एडिशनल सीईओ मारुति राव आदि के साथ-साथ जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, जनपद सदस्य कृष्णा महेश साहू, पार्षदगण नरेंद्र कुमार लोधी, संतोष लोधी आदि एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू, पार्षद प्रतिनिधि गण राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, राकेश शर्मा एवं वरिष्ठ केके भारद्वाज, वेदराम खुटे आदि के साथ-साथ अनेक जनप्रतिनिधिगण की सहभागिता रही एवं जनपद, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, पुलिस प्रशासन आदि एवं सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, कोसल साहित्य कला मंच, रानी पद्मावती ग्रुप व सर्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण एवं 500 से भी अधिक योग प्रेमियों की सहभागिता रही।

### अग्रसेन योगासन शाखा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



आरंग। अग्रसेन योगासन शाखा सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय अग्रवाल पारा आरंग ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुमानचन्द देवांगन, अध्यक्षता कर रहे वीरेंद्र कंडरा द्वारा डॉ केशव बलिराम हेडगेवार, सदाशिव गोलवलकर एवं भारत माता की छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि खुमानचन्द देवांगन अपने उद्बोधन में कहा कि आज के इस भौतिक जगत में योग बहुत ही आवश्यक है, योग जीवन का सार एवं मानसिक शांति का आधार है। कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेन्द्र कंडरा ने कहा कि आज का दिन सबसे बड़ा दिन होता है, सूर्य की किरण अधिक समय तक धरती पर रहता है जो हमें सकरात्मक ऊर्जा देती है। इसलिए आज की तिथि को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाया जाता है। शंकर पाल ने कहा कि सूर्य आज से उत्तरायण से दक्षिणायान की ओर चला जाता है, जो आध्यात्मिक कार्य के लिए अच्छा होता है। डॉ. तेजराम जलक्षत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमें अनुशासन सिखाती है। उन्होंने पंच परिवर्तन के पांच बिंदू पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी पर विस्तृत चर्चा कर सभी से व्यक्तिगत जीवन में पालन करने का आग्रह किया। मुरारी लोधी ने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि पर चर्चा कर ज्ञानवर्धक एवं व्यावहारिक जानकारी दिए। दीपक साहेब गुरु गोश्वामि ने कहा कि योग से कार्य कुशलता में वृद्धि जीवन में समता का भाव उत्पन्न होता है। अतः प्रतिदिन योग करना चाहिए। अशोक कुमार ठाकुर द्वारा विभिन्न प्रकार के आसन जैसे शिथिलीकरण, पादहस्तासन, मण्डूकासन, अर्ध्यमत्सेद्रासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, बटर फ्लाई, भ्रामरी, भ्रसिका, उज्जाई प्राणायाम, कपालभाती एवं प्राणायाम आदि कराए गए। इस अवसर पर अनुपनाथ योगी, बृजेश अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, अभिनेष अग्रवाल, होरी गुप्ता, ओम गुप्ता, बलराम साहू, खोरबाहरा साहू, गोपाल पाल, रामकुमार कंसारी, रमन जलक्षत्री आदि उपस्थित थे।

### माइंस में कर्मचारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**तिल्दा नेवरा।** भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की सेंचुरी सीमेंट लाइमस्टोन माइंस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य और उत्साहपूर्ण योग किया गया। माइनिंग के साइडिंग में चित्रकूट नामक स्थान पर योगमय वातावरण में देखने को मिला, जिसमें सभी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय खान नियंत्रक प्रेम प्रकाश के मार्गदर्शन में सामूहिक प्रार्थना से हुआ उन्होंने प्रारंभिक व्यायामों से योग सत्र की शुरुआत करवाई। आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के शिक्षक आशीष अग्रवाल ने विविध योगासनों का अभ्यास करवाया। संयंत्र प्रमुख पवन कुलकर्णी ने योग के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभों को रेखांकित करते हुए दैनिक जीवन में इसे अपनाने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय खान नियंत्रक प्रेम प्रकाश, आरएमजी डी.दास, यूनिट हेड पवन कुलकर्णी, देबाशीष रॉय चौधरी और प्रबीर चट्टोपाध्याय एफएच (एचआर), राजीव सिंघल एफ.एच (टेक.), सुनंदा बसु एफएच (एफ एंड सी), अशोक कुमार सिन्हा एफएच (खान), आरपीएस भाटिया डीएच (खान), प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी, एबीपीएस स्कूली बच्चे, ऑफिसर व स्टाफ और कर्मचारी उपस्थित थे।

### आयुष गनौद ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रायपुर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष ), गनौद द्वारा "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग " थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें सरपंच, उपसरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी एवं उपस्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षकगण, मितानिन तथा समस्त ग्रामवासियों ने उत्साह पूर्वक योग किया। हरित योग एवं एक वृक्ष माँ के नाम के तहत औषधि पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। नियमित योग अभ्यास करने हेतु योग प्रशिक्षक श्री चंद्रकांत साहू द्वारा सभी को शपथ दिलायी गयी। शिविर प्रभारी डॉ पूर्णिमा राजपूत द्वारा योग प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

### योग दिवस पर दरबा में सामूहिक योगाभ्यास




**चंदखुरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम दरबा में योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमे गांव के स्कूली छात्र छात्राओं सहित गांव के नागरिकों को योग के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। योग शिविर के महत्त्व को लेकर झम्मन लाल पुरेना सचिव ग्राम पंचायत दरबा एवं शासकीय प्राथमिक शाला दरबा के प्रधान पाठक ने स्वास्थ्य को लेकर योग के महत्व के बारे में उत्बोधन दिया एवं योग शिक्षा को स्वस्थ आरोग्य जीवन के लिए आवश्यक जरूरी बताया। योग कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में संजय टंडन सरपंच दरबा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। योग शिविर का संचालन सचिव एवं प्रधान पाठक ने कई महत्वपूर्ण योग क्रिया कर स्कूली छात्र छात्राओ सहित ग्राम गांव के युवा नौजवान माताएं बहने बड़े बुजुर्ग को योग क्रिया कर प्रोत्साहित किया योग उत्सव को उत्साह पूर्वक अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया।

---

**पेज 11 के शेष ...**

### ऐसी किल्लत...केंद्रीय...

कठिनाई नहीं आ रही है। केंद्रीय विद्यालय, जहां एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य है वहां किताबों की कमी छात्रों और अध्यापकों को परेशान कर रही है।

### तीन माह का राशन...

तीन माह के लिए 3 बार थंब, इसलिए प्रोसेस में देरी : महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के पुरानी बस्ती ठाकुरपारा की राशन दुकान में एपीएल का स्टॉक कम होने और 3 माह का राशन एक साथ लेने पर 3 बार थंब इप्रेशन के चलते प्रोसेस में देरी की शिकायत उपभोक्ताओं ने की है। हितग्राहियों का कहना है कि राशनकार्ड जमा करा लिया है, पर प्रोसेस में समय ज्यादा लग रहा है।

### डीडीनगर सेक्टर 1 की...

का चावल बाटा जा रहा है। पर एपीएल का स्टॉक नहीं आया है। जबकि यह कोर राशन दुकान है, जहां डगनिया, कुकुरबेड़ा, रायपुरा, डूमरतालाब के उपभोक्ता भी राशन लेते आते हैं। एपीएल श्रेणी के कार्डधारी सबसे ज्यादा परेशान हैं, क्योंकि दुकानदार उपभोक्ता को प्रॉपर सूचना नहीं दे पा रहे कि उनके हिस्से का चावल कब तक बंटेगा।

### कार्ड जमा कर दो...

कर दिए हैं। मंदिर हसौद और गुढ़ियारी से राशन लेकर गाड़ी नहीं आई है, इसलिए राशन वितरण प्रभावित हो रहा है। ग्रुप में भी हमारे जैसे कुछ राशन दुकान संचालक अपने आईडी के साथ स्टॉक नहीं होने की परेशानी पहुंचा रहे हैं। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी में इंदिरा स्मृति वन के पास सरकारी राशन दुकान में स्टॉक नहीं होने से पिछले 2 दिन से राशन दुकान बंद है। लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है।

### अपनाई जाएगी ये...

न्यायाधीश के आदेशानुसार उन पदों पर भर्ती परीक्षा, प्रक्रिया आयोजित करने के लिए आदेश प्राप्त करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश के आदेशानुसार रजिस्ट्री उक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा, प्रक्रिया आयोजित करने के लिए समुचित कदम उठाएगी।

### बिलासपुर-काचीगुडा के बीच...

रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चांदाफोर्ट, वड़सा, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा होते हुए रात 9.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

### पुलिसकर्मियों ने शनिवार की...

आदेशानुसार प्रत्येक शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन पुलिस मुख्यालय द्वारा शासन के आदेश की अवहेलना करके सभी को शनिवार को पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में बुलाया जा रहा है। यह उचित नहीं है। **अफसर-कर्मियों में आक्रोश** : पत्र में ये भी लिखा गया है कि पुलिस मुख्यालय के इस आदेश से शासन के आदेश की अवहेलना हो रही है और यहां (पुलिस मुख्यालय) के अधिकारियों-कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है, वे मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं। जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इसका दुष्प्रभाव चुनाव के समय देखने को मिल सकता है। पत्र में मांग की गई है कि पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में शनिवार को अवकाश घोषित किया जाए।

### गैस एजेंसी के...

निर्माण कार्य होने की वजह से खिड़की के पास बांस-बल्ली लगे होने से खिड़की बंद नहीं हो पा रही थी, इसी वजह से खिड़की खुली छोड़ दी थी। इसी बात का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर टॉवर के सहारे नीचे उतरा और चोरी को अंजाम दिया।

## आरंग के सोसायटियों में खाद की किल्लत, किसान है परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ किसानों के मांग के मुकाबले 31 प्रतिशत खाद ही पहुंचे

मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 6 सोसायटियों के अंतर्गत आने वाले 40 ग्रामों के किसानों को सामयिक खाद उपलब्ध कराने मांग के मुकाबले महज 31 प्रतिशत खाद ही अब तक इन सोसायटियों में पहुंचा है, जबकि इसके विपरीत कृषि विभाग सोसायटियों में खाद की पर्याप्त भंडारण होने का दावा कर रहा है। ज्ञातव्य हो कि शासन ने इस कृषि सत्र में देश में डीएपी खाद आपूर्ति की समस्या होने की जानकारी देते हुये किसानों को इसके स्थान पर वैकल्पिक खाद उपयोग करने की सलाह देते हुए वैकल्पिक खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन ऐन बोनी के वक्त भी किसानों को सोसायटियों से वैकल्पिक खाद नहीं मिल रहा व किसान खाद के लिये भटक रहे हैं। इस बैंक शाखा के अधीन ग्रामों के खाद के लिये भटकते किसानों से रूबरू होने व सोसायटियों से जानकारी एकत्रित करने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी दी है कि मांग के अनुरूप डीएपी अथवा उसके बदले वैकल्पिक खाद के रूप में गोढ़ी सोसायटियों में महज 31 प्रतिशत, पलौद सोसायटी में 13 प्रतिशत, टेकारी सोसायटी में 20 प्रतिशत, मंदिर हसौद सोसायटी में 50 प्रतिशत, खुटेरी सोसायटी में 26 प्रतिशत, गनौद सोसायटी में 58 प्रतिशत व बरौदा सोसायटी में 28 प्रतिशत के आसपास ही खाद पहुंच पाया है, जिसका की उठाव किसान कर चुके हैं और सोसायटियों का गोदामो में यह खाद नहीं है। इन सोसायटियों के लिये मनोनीत प्राधिकृत अध्यक्षो व समिति प्रबंधकों से इस सामयिक खाद की मांग को लेकर जरूरतमंद किसानों का लगभग रोजाना तनातनी होने की जानकारी देते हुये उन्होंने कहा है कि अविलंब खाद उपलब्ध न होने पर उत्पादन प्रभावित होगा।

## रेत माफिया सक्रिय, चल रहा अवैध भंडारण



**चंदखुरी।** बारिश के मौसम में रेत की मांग बढ़ने के साथ ही अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण का मुद्दा गर्मा गया है। आम आदमी पार्टी के नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए शासन और खनिज विभाग की कार्रवाई को केवल दिखावा बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरंग व अभनपुर क्षेत्र की खदानों में बिना रॉयल्टी और अनुमति के रेत का बड़े पैमाने पर भंडारण हो रहा है। जांगड़े ने दावा किया कि खनिज विभाग और जिला प्रशासन के नाक के नीचे माफिया अवैध रेत व्यापार कर रहे हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। कई अधिकारियों के रिश्तेदारों के माफियाओं के साथ साझेदारी के आरोप भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेत की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम जनता और निर्माण कार्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही यह भी मांग की कि भंडारण स्थलों पर मौके का मूल्यांकन कर गैरकानूनी भंडारण की जब्ती, नीलामी और पारदर्शी कार्रवाई हो ताकि माफियाओं पर लगाम लगाई जा सके।

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### आम सूचना

ग्राम- कुटेला, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. समोदा, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा क्रमांक 28/1, 247, 435, 1180, का रकबा क्रमशः 0.5900, 0.6300, 0.3800, 0.2500 हे. कुल खसरा 04 का रकबा 1.8500 हे. के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता ना.बा. कृषराज, ना.बा. कुशाली पिता बंसत खुद व वली मां वीणा चंद्राकर बेवा बसंत निवासी-बी.आई.टी मार्ग, जगत विहार कॉलोनी, महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. के भूमि स्वामी हक एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा- कुटेला, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. समोदा, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा क्रमांक 28/1, 247, 435, 1180, का रकबा क्रमशः 0.5900, 0.6300, 0.3800, 0.2500 हे. कुल खसरा 04 का रकबा - 1.8500 हे. को क्रय करने हेतू संविदा की गई है, तथा ब्याना राशि अदा कर दी गई है, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मे, मय दस्तावेज आपत्ति दर्ज करावे, उक्त समयावधि के पश्चात दर्ज की गई आपत्ति झूठा, असत्य व शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 21/06/2025

**कौशल कुमार सोनकर**
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर
ऑफिसः- उपपंजीयक कार्यालय के सामने, आरंग जिला रायपुर छ.ग.
मो.-7000839159

आज द्वितीय पुण्यतिथि
विनम्र श्रद्धांजलि



स्व. सरदार भजन सिंघ होरा जी
स्वर्गवास - 23.06.2023
सरलता, सहजता से, जीवन जिया आपने, सहकर तकलीफे
हमें सुख दिया आपने। पद चिन्हों पर आपके, चलते ही रहेंगे,
सजल नयनों से याद आपको करते ही रहेंगे...
आपको शत्-शत् नमन...
आपकी स्मृति में श्रद्धासुमन
सरदारनी हरमीत कौर होरा (पत्नी)
स. भुपिन्दर सिंघ होरा (पारस) (पुत्र), स. रघुबीर सिंघ होरा (भाई),
स. तरनजीत सिंघ होरा (रिन्कू), स. परमीत सिंघ होरा (रिशू) (भतीजा)
स. चीनू होरा, स. जयदीप सिंघ चावला, स. राजदीप सिंघ होरा (दामाद),
स. लक्की छाबड़ा (भांजा) एवं समस्त होरा परिवार
Khanna
भारत किराया भंडार, रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क - 9425208181, 9826808181

# पहली बार व्यापम भर्ती में 96% उपस्थिति, पूछा-'रातभर गाड़ी जोते, कुकदा के कुकदा' का अर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को राहत की सांस ली। परीक्षा शुल्क माफ किए जाने के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब किसी भर्ती परीक्षा में उपस्थिति 96% रही। व्यापम द्वारा रविवार को नगर सैनिक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके लिए पूरे राज्य से 18 हजार 500 आवेदन मिले थे।

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत यह भर्ती निकाली गई थी। जारी विज्ञापन के अनुसार, इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से स्वयं सेवी नगर सैनिक के 500 पद तथा महिला नगर सैनिक के 1715 पदों पर भर्ती होगी। पिछले साल 10 जुलाई से 10 अगस्त तक इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के लगभग 10 माह बाद यह परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। परीक्षा एक ही पाली में सुबह 10 से 12.15 बजे तक हुई। रायपुर में इसके लिए 10 केंद्र बनाए गए थे। जिले के 4140 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व उपस्थित रहने निर्देश दिए गए थे। पिछले सप्ताह आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा में कुछ मिनट विलंब से पहुंचने के कारण 15 अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित रहना पड़ा था। ऐसे में इस बार परीक्षार्थी भी समय को लेकर पाबंद दिखे।

हरिभूमि सरोकार

### आसान रहे सामान्य ज्ञान के सवाल

परीक्षार्थियों से 100 सवाल पूछे गए। इनमें से प्रारंभिक 50 प्रश्न छग के सामान्य ज्ञान और छत्तीसगढ़ी भाषा पर आधारित रहे। इन सभी सवालों का स्तर आसान रहा। अंतिम 50 प्रश्न गणितीय कौशल और एप्टिट्यूड के रहे। एप्टिट्यूड के सवाल सामान्य रहे, लेकिन गणित के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को परेशान किया। इन्हें हल करने में सर्वाधिक समय लगा। नकल प्रकरण या इस तरह की कोई अन्य शिकायत रविवार रात तक व्यापम को प्राप्त नहीं हुई।



- राज्यभर के 18 हजार 500 युवाओं ने किया था आवेदन, एक पाली में हुई परीक्षा
- स्वयं सेवी नगर सैनिकों के 500 पद तथा महिला नगर सैनिक के 1715 पदों के लिए हुई परीक्षा

### इस तरह के सवाल

- जनजातीय विद्रोह- हल्बा, मुड़िया, भूमकाल, परालकोट और कोई को क्रमबद्ध रूप से जमाइए।
- अंग्रेजों ने छग के गांवों में कर वसूली के लिए किए पद का सृजन किया था?
- बस्तर पंडुम का क्या अर्थ है?
- भारतीय खाद्य निगम के कार्य बताइए।
- 'रात भर गाड़ी जोते, कुकदा के कुकदा' मुहावरे का अर्थ।
- मटासी, डोरसा और कन्हार किसके प्रकार हैं?
- पंचायत सचिव की नियुक्ति कौन करता है?
- छग के सुंदर गांव की विशेषता।
- छग में मानव अधिकार आयोग का गठन कब हुआ?
- छग के किस जिले में थर्मल सुपर पॉवर है?

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को कॉपी और शैक्षणिक सामग्री वितरित



**रायपुर।** चरामेति फाउंडेशन ने शिक्षा सेवा के अंतर्गत खोखोपारा पुरानी बस्ती स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के बीच कॉपियों सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। इसी दौरान काव्या, त्रिषा, भूमिका, कुबेर, श्याम, मयंक सहित समस्त छात्रों ने सत्र 2025-26 के प्रथम सप्ताह में ही शैक्षणिक सामग्री प्राप्त होने पर खुशी जताई । इस अवसर पर राजेंद्र ओझा, नीलेश अग्रवाल, जितेंद्र दामा, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जेके गोयल, सुभाषिनी जतिंदर भनोट, प्रेमनारायण सोलंकी, डॉ. मृणालिका ओझा, जीपी अखिलेश, रोशन बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

## निधन

### संजीव रावते

**रायपुर।** पुरानी बस्ती बंधवापारा निवासी संजीव रावते (43) का 22 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जून को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे सुकल रावते के पुत्र, विजय रावते के भाई एवं युगल व जान्हवी रावते के पिता थे।



## केंद्रीय गृहमंत्री ने आई हब का भी किया उद्घाटन

# शाह बोले- छत्तीसगढ़ समेत पूरे मध्यभारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, आज छत्तीसगढ़ के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इस सिस्टम को आधुनिक बनाने के लिए तीन नई शुरुआत हो रही है। आज शुरू हुई तीनों पहल आने वाले दिनों में न सिर्फ छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे मध्यभारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधार देने का काम करेंगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री के रायपुर परिसर का शिलान्यास एवं एनएफएसयू रायपुर के अस्थाई परिसर के साथ आई्ई हब का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के युवाओं के एमएसएमई उद्योगपति बनने और खुद का स्टार्टअप विकसित करने से प्रदेश में अधिक निवेश के मौके बनेंगे और छत्तीसगढ़ औद्योगिक क्रांति की दिशा में तेज रफ्तार से आगे बढ़ेगा। आई हब की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ के युवाओं को बड़ा प्लेटफॉर्म मिलने जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय गृह सचिव और निदेशक, आसूचना ब्यूरो सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### युवाओं को मिलेगा बड़ा प्लेटफार्म



*शहीद एएसपी गिरेपुंजे के परिवार से मिले शाह*
*नक्सली हमले में शहीद एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के परिजनों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने होटल मे-फेयर में मुलाकात की। शाम 5 बजे हुई मुलाकात में श्री शाह ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने शहीद परिवार को पूरी मदद का आश्वासन भी दिया। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा, अमर शहीद आकाश राव गिरेपुंजे की तेरहवीं पर उनके घर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।*

### अटल जी ने बनाया छत्तीसगढ़, मोदी संवार रहे

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष है और छत्तीसगढ़ के निर्माण का पूरा श्रेय अटलजी को जाता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ बनने के बाद इसे संवारने का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ अपना 25वां स्थापना वर्ष मना रहा है और छत्तीसगढ़ सरकार ने इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। आने वाले दिनों में सबसे आधुनिक और हरित राजधानियों में नया रायपुर भी शामिल होगा।

### समय पर न्याय मिले इसका प्रयास

अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों पर पूर्ण अमल के लिए राज्य सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। नए आपराधिक कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद देश के किसी भी कोने में दर्ज एफआईआर में तीन साल में फरियादी और पीड़ित को सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिल सकेगा। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों से एक आधुनिक, त्वरित और वैज्ञानिक न्याय प्रणाली बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी का विजन बहुत स्पष्ट है कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री, इनोवेशन और आर्थिक विकास से जुड़ा नहीं है, बल्कि इसमें समय पर न्याय मिलना भी शामिल है।

### सभी अपराधों में फोरेंसिक टीम की विजिट अनिवार्य

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, जहां वैज्ञानिक प्रमाण होता है, वहीं सटीक परिणाम आता है और फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री की मदद से आने वाले दिनों में भारत दोषसिद्धि की दर में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल होगा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार 160 साल पुराने औपनिवेशिक कानूनों को समाप्त कर जो नए आपराधिक कानून लाई है, उनमें सात साल की सजा से अधिक वाले सभी अपराधों में फोरेंसिंक साइंस टीम की विजिट अनिवार्य की गई है। यह बताता है कि फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में हमारे देश में कितनी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

# शहरी-आउटर इलाके की सड़कें होंगी चकाचक, 7 स्वीपिंग मशीनें सफाई के लिए उतारने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





रायपुर शहर सहित आउटर इलाके की टू लेन, फोरलेन और सिक्सलेन सड़कों को साफ-सुथरा रखने मेट्रो सिट्रीज की तर्ज पर मैकेनाइज्ड स्वीपिंग का दायरा बढ़ाया जा रहा है। अभी तक 86 किलोमीटर दायरे वाली सड़कों की रात्रिकालीन सफाई मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से की जा रही थी, पर अब 66 किलोमीटर के दायरे में नया रूट चार्ट तैयार कर सड़क की धुलाई और धूल के महीन कण मशीन से साफ करने काम किया जाएगा। इसके लिए 7 रोड स्वीपिंग मशीनें अलग-अलग रूट पर सड़कों को चकाचक करती नजर आएंगी। इंदौर जैसे महानगर की तर्ज पर रायपुर शहर में मैकेनाइज्ड स्वीपिंग के बेहतर रिस्पांस मिलने के बाद निगम से अनुबंधित ग्लोबल गूच वेस्ट मैनेजमेंट एलएपी कंपनी अब शहर और इससे लगे आउटर इलाके के 66 किलोमीटर के दायरे में रात्रिकालीन सफाई का विस्तार करने स्वीपिंग मशीनें उतार दी है। इससे शहर की सड़कों पर उड़ने वाली धूल, मिट्टी से जहां लोगों को राहत मिलेगी। वहीं पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने में मदद मिलेगी। देशव्यापी केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में भी इसके लिए अतिरिक्त अंक शहर को मिलेंगे। दरअसल, शहर की सड़कों पर उड़ने वाली बारीक धूल के कण की सफाई करना नगर निगम के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। मेनुअल तरीके से सड़क की सफाई के दौरान उड़ने वाली धूल के कण पीएम 10 के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसे हटाने मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर नगर निगम ने मैकेनाइज्ड सिस्टम अपनाया है। अनुबंध के अनुसार एजेंसी शहर के 86 किलोमीटर दायरे वाली सड़क की मशीन से रात्रिकालीन सफाई के लिए रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध करा रही है। शनिवार से नए रूट पर मशीन से सफाई प्रारंभ की गई है, जो कि 66 किलोमीटर दायरे में विस्तारित होगी। इस तरह 7 मशीनों से अब कुल 152 किलोमीटर दायरे की सड़क सफाई होगी। वहीं एक रोड स्वीपिंग मशीन को रिजर्व रखा गया है।

- 66 किमी का बढ़ा दायरा, टू लेन, फोरलेन और सिक्सलेन के नए रूट पर रात्रिकालीन सफाई

## युवक को जबरन बाइक पर बैठाया, चाकू मारकर लूटा

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुजारी पार्क के पास एक युवक को जबरन अपनी बाइक में बैठाकर कमल विहार में चाकू से गला, नाभि, जांघ तथा शरीर के अन्य भागों में चाकू से प्राणघातक हमला कर तीन हजार लूट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट, हत्या की कोशिश सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। उमेश पाटर ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपने भाई हीरालाल पाटर के साथ लूट तथा हत्या की कोशिश करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया कि उसका भाई बुधवार को पुजारी पार्क के पास अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में गया था। देर रात हीरालाल पुजारी पार्क के रास्ते तरुण बाजार जाने के लिए निकला था। इस दौरान बाइक सवार दो युवक हीरालाल के पास पहुंचे और उसे जबरन अपने साथ चलने के लिए कहा। इंकार करने पर बदमाशों ने हीरालाल के साथ मारपीट कर उसे अपनी बाइक में जबरन बैठाया और कमल विहार के रास्ते ले गए।

*दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मारा : कमल विहार ले जाने के बाद बदमाशों ने एक जगह बाइक रोककर हीरालाल से पैसे मांगे। इंकार करने पर बदमाश हीरालाल के साथ मारपीट करने लगे। भागने पर बदमाशों ने हीरालाल के गले को चाकू से रेत दिया। इसके बाद बदमाशों ने उसकी जांघ तथा पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।*

## लिफ्ट देने के बहाने युवक से लूट की कोशिश, जान बचाने छत से कूदा

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवक ने तीन बदमाशों के खिलाफ लिफ्ट देने के बहाने लूट तथा हत्या करने की नीयत से उस पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाशों से बचने युवक ने छत से कूदकर जान बचाई। पचपेड़ी नाका, छत्तीसगढ़ नगर निवासी छत्रपाल उर्फ पिंटू साहू ने राहुल शर्मा, आदी तथा एक अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। छत्रपाल ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात कटोरा तालाब स्थित एक होटल में खाना खाकर पैदल लौट रहा था। इस दौरान उसने बाइक से जा रहे दो लड़कों से पचपेड़ी नाका छोड़ने लिफ्ट मांगा। बदमाश छत्रपाल को पचपेड़ी नाका छोड़ने का झांसा देकर अमलीडीह स्थित एक मकान में ले गए। बदमाश छत्रपाल को कुछ देर में पचपेड़ी नाका छोड़ने की बात कहते हुए अपने एक अन्य साथी के साथ शराब पीने लगे। शराब पीने के बाद तीनों बदमाशों ने छत्रपाल से पैसों की मांग करते हुए मारपीट की। फोन-पे से पैसे ट्रांसफर नहीं करने पर बदमाशों ने छत्रपाल पर चाकू से हमला किया। बदमाशों से बचने छत्रपाल मकान की बालकनी से कूदकर भाग निकला और अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का लोकार्पण



**रायपुर।** श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट ने रविवार को एक अत्यंत भव्य कार्यक्रम के साथ ही 'पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन' का लोकार्पण किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल प्राचीनतम बूढ़ेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने महादेव की पूजा-अर्चना की और फिर नवनिर्मित पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपनी प्रत्यक्ष सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसी दौरान बतौर अतिथि पहुंचे राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने भी श्री रायपुर पुष्टिकर समाज के सृजनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित विभिन्न ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्बोधन में श्री रायपुर पुष्टिकर समाज के रचनात्मक दृष्टिकोण और परिणाम स्वरूप बने भवन की प्रशंसा की।

## पेज 11 के शेष ...

### ऐसी किल्लत...केंद्रीय...

कठिनाई नहीं आ रही है। केंद्रीय विद्यालय, जहां एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य है वहां किताबों की कमी छात्रों और अध्यापकों को परेशान कर रही है।

### तीन माह का राशन...

तीन माह के लिए 3 बार थंब, इसलिए प्रोसेस में देरी : महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के पुरानी बस्ती ठाकुरपारा की राशन दुकान में एपीएल का स्टॉक कम होने और 3 माह का राशन एक साथ लेने पर 3 बार थंब इप्रेशन के चलते प्रोसेस में देरी की शिकायत उपभोक्ताओं ने की है। हितग्राहियों का कहना है कि राशनकार्ड जमा करा लिया है, पर प्रोसेस में समय ज्यादा लग रहा है।

### डीडीनगर सेक्टर 1 की...

का चावल बाटा जा रहा है। पर एपीएल का स्टॉक नहीं आया है। जबकि यह कोर राशन दुकान है, जहां डगनिया, कुकुरबेड़ा, रायपुरा, डूमरतालाब के उपभोक्ता भी राशन लेते आते हैं। एपीएल श्रेणी के कार्डधारी सबसे ज्यादा परेशान हैं, क्योंकि दुकानदार उपभोक्ता को प्रॉपर सूचना नहीं दे पा रहे कि उनके हिस्से का चावल कब तक बंटेगा।

### कार्ड जमा कर दो...

कर दिए हैं। मंदिर हसौद और गुढ़ियारी से राशन लेकर गाड़ी नहीं आई है, इसलिए राशन वितरण प्रभावित हो रहा है। ग्रुप में भी हमारे जैसे कुछ राशन दुकान संचालक अपने आईडी के साथ स्टॉक नहीं होने की परेशानी पहुंचा रहे हैं। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी में इंदिरा स्मृति वन के पास सरकारी राशन दुकान में स्टॉक नहीं होने से पिछले 2 दिन से राशन दुकान बंद है। लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है।

### अपनाई जाएगी ये...

न्यायाधीश के आदेशानुसार उन पदों पर भर्ती परीक्षा, प्रक्रिया आयोजित करने के लिए आदेश प्राप्त करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश के आदेशानुसार रजिस्ट्री उक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा, प्रक्रिया आयोजित करने के लिए समुचित कदम उठाएगी।

### बिलासपुर-काचीगुडा के बीच...

रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चांदाफोर्ट, वड्सा, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा होते हुए रात 9.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

### पुलिसकर्मियों ने शनिवार की...

आदेशानुसार प्रत्येक शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन पुलिस मुख्यालय द्वारा शासन के आदेश की अवहेलना करके सभी को शनिवार को पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में बुलाया जा रहा है। यह उचित नहीं है। **अफसर-कर्मियों में आक्रोश** : पत्र में ये भी लिखा गया है कि पुलिस मुख्यालय के इस आदेश से शासन के आदेश की अवहेलना हो रही है और यहां (पुलिस मुख्यालय) के अधिकारियों-कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है, वे मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं। जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इसका दुष्प्रभाव चुनाव के समय देखने को मिल सकता है। पत्र में मांग की गई है कि पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में शनिवार को अवकाश घोषित किया जाए।

### गैस एजेंसी के...

निर्माण कार्य होने की वजह से खिड़की के पास बांस-बल्ली लगे होने से खिड़की बंद नहीं हो पा रही थी, इसी वजह से खिड़की खुली छोड़ दी थी। इसी बात का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर टॉवर के सहारे नीचे उतरा और चोरी को अंजाम दिया।

## जेसीपी में रामकुंड और जरवाय के लोगों ने ली सदस्यता



**रायपुर।** जबर सदस्यता जुराव कार्यक्रम के तहत रविवार को जरवाय और रामकुंड के निवासियों ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। शहर अध्यक्ष गोपी साहू एवं जेसीपी रायपुर महिला उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा के नेतृत्व में सदस्यता ली है। साथ ही रामकुंड स्थित शीतला तालाब की भूमि पर हो रहे कब्जे को लेकर रायपुर महिला उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा ने वार्डवासियों के हित में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। वे कहती हैं कि छत्तीसगढ़ियों के हित में वे चौबीसों घंटे सेवा देने तत्पर हैं। उन्होंने बताया कि जेसीपी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल बताते हैं, राज्य बनने के 25 बछर होने के बाद भी छत्तीसगढ़िया लोग दोयम दर्जे की जिंदगी जी रहे हैं।







# चकल्लस

## ट्रांसफर रुकवाकर दिखाया पॉवर

आंबेडकर अस्पताल में सबसे ज्यादा दबाव वाले विभाग की महिला प्रोफेसर ने अपना ट्रांसफर रुकवाकर पॉवरफुल होने का सबूत दे दिया है।



सहकर्मियों की नाराजगी के चलते महिला डॉक्टर को अन्य लोगों को साथ तबादला सूची में शामिल किया गया था। बड़ी लिस्ट में शामिल डॉक्टर स्वमेव होकर अथवा विभागीय दबाव के बाद नए पदस्थापना स्थल तक चले गए, मगर महिला शक्ति के आगे विभाग के बड़े अफसर भी कमजोर साबित हो गए। उनकी एप्रोच के सामने एक ही विभाग में दो प्राध्यापक होने का तर्क भी कमजोर पड़ गया। चर्चा है कि ट्रांसफर कैंसिल होने के बाद महिला डॉक्टर के निशाने पर वे विभागीय कर्मचारी आ गए हैं, जिन्होंने तबादला सूची में महिला डॉक्टर का देखकर खुशी मनाते हुए मिठाई तक बांटी थी।

## मौन साधक नोडल अफसर

स्वास्थ्य संचालनालय में निशुल्क उपचार योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी निभाने वाले अफसर की मौन साधना अब सहकर्मियों को भी अखरने लगी है। आम लोगों से जुड़ी योजना की देखरेख करने के बाद भी उन्हें आम लोगों और मीडिया की कॉल अटेंड करने में परहेज थी। उनकी यह परहेज धीरे-धीरे आदत बन गई और वे साथी कर्मचारियों और अधिकारियों का फोन उठाने से परहेज करने लगे हैं। इसे लेकर विभागीय स्तर पर उनकी नाराजगी बढ़ने लगी है और डॉक्टर कम अफसर की जिम्मेदारियों में कटौती की जाने लगी है।

## क्या करें...इन्वर्टर लगवा लें

कुछ समय पहले हरिभूमि-आईएनएच में एक स्टिंग आपरेशन का प्रसारण हुआ था। खबरी ने इन्वर्टर कंपनी का मैनेजर बनकर बिजली अफसरों से सांठगांठ की। कहा कि जब हम कहें आप लाइट कट कर देना। उसके




बाद हमारे सेल्समेन उस इलाके में जाकर इन्वर्टर बेचेंगे। उस मामले में हंगामा हुआ था और जांच बैठी थी। खैर...वर्तमान का हाल ऐसा है कि धड़ाधड़ बिजली गोल हो रही है। रायपुर, जो राजधानी है वहां कभी भी बिजली चली जाती है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यहां तक कि भाजपा नेताओं के कार्यक्रम में लाइट चली जा रही है तो बाकी की क्या हैसियत। तो अब क्या करें...विद्युत कंपनी कहे तो इन्वर्टर लगवा ही लेते हैं। क्योंकि बार-बार शिकायत करने के बाद भी बिजली जाना बंद नहीं हुआ है।

## साहब का मछली प्रेम ....

कलेक्टरी वाले बड़े साहब का मछली प्रेम जगजाहिर है। सिस्टम यह है कि खुद के पैसे से मछली खाने का सिस्टम ही नहीं है। उपर से नीचे तक सबको फ्री का स्पेशल वेरायटी का आलता माल चाहिए। खबरीलाल के चंगू-मंगू बता रहे थे कि साहब ने आजकल व्हाइट हाउस वालों को लपेटे में ले रखा है। जब मन हुआ संडे हो या सेटरडे मेसैज पहले आता है। किसी की मजाल नहीं कि ना नुकुर करे। बड़े बाबू के पास ऐसे ही छुट्टी वाले दिन मैसेज आया कि साहब को फ्रेश फिश चाहिए। बेचारे दफ्तर भागे। चपरासी को बुलवाया कहा, पहले मार्केट जाओ सामान खरीदकर सीधे बंगले पहुंचाओ। बाजार में न मिले तो किसी को बोलकर मछली पकड़वाना वो भी बिलकुल फ्रेश।

## शेर आया...शेर आया...

जमाना हाईटेक हो गया है, इसलिए लोग अपने आपको हर समय अपडेट करने सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते रहते हैं। ऐसा की वाक्या



महासमुंद वनमंडल में पिछले दिनों हुआ। किसी ने वाट्स एप पर पोस्ट शेयर कर बागबहरा में बाघ होने का दावा करते हुए बाघ का वीडियो पोस्ट कर दिया। वीडियो देख वन अमला महासमुंद से लेकर गरियाबंद तक सक्रियता दिखाते हुए बाघ की खोजबीन में जुट गया। बाघ नहीं मिलने पर अंत में विभागीय अधिकारी ने पोस्ट शेयर करने वाले से संपर्क किया तो उसने बताया कि उसने किसी दूसरी जगह के बाघ का वीडियो एडिट कर पोस्ट कर दिया था। तब जाकर विभागीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## पलीता लगाने वाले भी कम नहीं

राज्य की एक बड़ी समस्या को खत्म करने में पूरी सरकार लगी हुई है। बस्तर से यहां तक आवागमन की सुविधा बढ़ाने लगातार प्रयास हो रहा है। इन प्रयासों में पलीता लगाने वाले भी कम नहीं है। यहां पिछले दो साल से सड़क निर्माण धीमी गति से हो रहा है। निर्माण धीमा होने का कारण ठेकेदारों को समय पर भुगतान न मिलना है। निर्माण रोके जाने पर विभाग के बड़े साहब वहां बैठक लेकर धमकाते हैं कि पिछली बार मीडिया के कारण तुम्हारा भुगतान हो गया था, इस बार काम में खामियां इतनी हैं कि कोई भी तरीका काम नहीं आने वाला। जैसे भी हो, काम पूरा करो।

## अनुष्ठान विशेषज्ञ बनेंगे सरकारी मेहमान


पिछली सरकार के दौरान ढाई-ढाई का खेल शुरू होने के बाद सत्ता बचाने कई तरह के अनुष्ठान किए गए। अपनी कुर्सी बचाने कई धार्मिक स्थानों पर दूसरे राज्यों के जाने-माने पंडितों को लाया जाता रहा। इन सब कामों को एक ही शख्स काम कर रहा था। वैसे वो अपने धंधे में इतने माहिर थे कि अफसरों से वसूली कर कई करोड़ के आसामी बन बैठे। अब जांच एजेंसियों का ध्यान उन पर गया तो उनके ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। वे उस समय तो खिसक लिए, पर अपने बचाव में पंडितों और अनुष्ठान कराने का मौका इस चंद्रास्वामी को नहीं मिला। अब वे सरकारी मेहमान बनने जा रहे हैं।

## दस साल बराबर दस दिन

पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने से पहले सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को एक टास्क दिया कि ये पता लगाएं, पिछले दस साल से राज्य में जनसामान्य के स्वास्थ्य पर योग के प्रभाव का क्या असर हुआ है? इसे दशकीय मूल्यांकन का नाम दिया गया है। खबरी को पता लगा है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस टास्क को लेकर परेशान हैं। वजह ये कि दस साल में अधिकांश लोगों ने केवल दस दिन यानी योग दिवस पर ही योग किया है। अब ये कैसे पता लगाएं कि दस साल के इस योग से जनसामान्य को क्या फायदा हुआ है?

## एक फैसले से हो गई मौज

छत्तीसगढ़ में हर साल धान खरीदी के बाद जब धान का हिसाब-किताब होता है तो सोसाइटी प्रबंधकों पर बड़ा संकट आता है। उनके खरीदे गए



धान में सूखत या सड़ने से जो शार्टेज होती है, उसकी भरपाई प्रबंधकों को करनी पड़ती है या फिर होती है एफआईआर, लेकिन इस बार हिसाब हुआ तो प्रबंधक हाईकोर्ट चले गए। वहां से फैसला हुआ कि सरकार ने समय पर धान नहीं उठवाया, इसलिए बर्बादी हुई। प्रबंधक इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। यहां तक तो ठीक है, लेकिन आगे की कहानी से हजारों प्रबंधकों की मौज हो गई है, जिनकी सोसाइटियों में अभी हिसाब पूरा नहीं हुआ है। बड़ी मात्रा में धान बचा है। ये धान अब कम भी गया तो चिंता नहीं, ये तो मौज की बात होगी।

## सब देख रहे हैं...

जब सैंया कोतवाल हो तो किसी भी चीज का भय? लेकिन कई बार ऐसा हो जाता है कि सैंया भी भय खा जाते हैं। इन हालातों में किसी भी चीज पर कोई जोर नहीं चलता। क्या है कि युक्तियुक्तकरण में सैकड़ों की संख्या में शिक्षक निपट गए। इनमें से कई ऐसे थे, जो या तो संलग्न थे या महीने में एक बार हाजिरी लगाकर आ जाते थे। सब अपने-अपने सेटिंग के बल पर उछल रहे थे। अब हालात ये हो गए हैं कि हर शिक्षक हर दूसरे शिक्षक पर नजर बनाए हुए हैं। कब, कहां चूक हो और शिकायत की जाए। इसलिए सैंयाजी अपनी घरवाली के लिए भी रिस्क नहीं ले रहे हैं। नौकरी का मामला है जी... सब देख भी तो रहे हैं।

## मेरे करण-अर्जुन आएंगे

सलमान और शाहरूख खान की पिक्चर करण-अर्जुन रविवि के बड़े साहब ने कुछ ज्यादा ही देख ली है। आजकल वे पुराने छोटे साहब को याद करते रहते हैं, जिन्हें न्यायालय ने हटा दिया। गड़बड़ी तो पिछले वाले भी करते थे, लेकिन सब छिपा डालते थे। नए वाले तो गलती भी करते हैं और छिपा भी नहीं पाते। इनकी नासमझी देख-देखकर बड़े साहब पुराने वाले को याद करके चीख उठते हैं-भाग अर्जुन भाग। अरे, करण बने बड़े साहब! वो भाग चुका है। करण-अर्जुन की गड़बड़ जोड़ी का अर्जुन अब नहीं आएगा। अब ये रायता आपको ही समेटना है। लेकिन आपको तो पिक्चर देखने से ही फुरसत नहीं मिलती। वैसे मातहत बताते हैं कि साहब आखिरी दिन अपने कैबिन से निकलते हुए कह गए-टाइगर रिटर्नस। अरे भैया, यहां जंगलों में शेर नहीं मिल रहे हैं और आप हैं कि विवि में शेर ले आएंगे। मतलब, कुछ भी।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।

# रथयात्रा पर पुरी जाने तीन ट्रेनों में बुकिंग बंद, स्पेशल में 254 सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने ट्रेन से पुरी जाने वाले यात्रियों की संख्या पिछले साल की तुलना में इस बार अधिक है। यही वजह है कि रायपुर से भुवनेश्वर जाने वाली 3 प्रमुख ट्रेनों की बुकिंग रथयात्रा से एक सप्ताह पहले ही फुल हो चुकी है। भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस, पुरी एक्सप्रेस और अजमेर-पुरी एक्सप्रेस में स्लीपर से लेकर एसी कोच तक की बुकिंग बंद कर दी गई है। हरिभूमि ने जब इन ट्रेनों की स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि 25 से 26 जून के बीच केवल दुर्ग–पुरी एक्सप्रेस में ही बुकिंग चालू है, लेकिन उसमें भी स्लीपर में वेटिंग 99 तक पहुंच गई है। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने विशेष कदम उठाते हुए गोंदिया से खुर्दारोड के बीच 26, 28, 30 जून और 2 व 5 जुलाई को स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन स्पेशल ट्रेनों में फिलहाल स्लीपर में 254, थर्ड एसी में 60 और सेकंड एसी में 8 सीटें उपलब्ध हैं। हालांकि स्पेशल ट्रेन होने के कारण इन ट्रेनों में स्लीपर का किराया सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में अधिक रखा गया है। इधर, भीड़ से बचने किराये के वाहनों की भी खासी बुकिंग हो रही है।

### 25 जून से पुरी की ट्रेनों में बढ़ेगी भीड़, किराए की गाड़ियों की भी मांग

पुरी रथयात्रा महोत्सव को देखते हुए 25 जून से ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ेगी। रायपुर से पुरी जाने के लिए सबसे अधिक मांग दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस की है। यह ट्रेन शाम 5 बजे रवाना होकर अगली सुबह 10 बजे तक भुवनेश्वर पहुंच जाती है, जिससे यात्रियों को समय और सुविधा दोनों मिलती है। हालांकि इस ट्रेन में 27 जून तक लंबी वेटिंग चल रही है। वहीं वापसी में भी 30 जून को ट्रेनों में भीड़ रहने की संभावना है। इसके अलावा एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस, पुरी एक्सप्रेस और अजमेर-पुरी एक्सप्रेस में भी 25 से 26 जून के बीच यात्रियों की संख्या अत्यधिक रहने वाली है।



### वापसी में मिल रहीं कंफर्म सीटें

रायपुर से पुरी के लिए जाने वाली ट्रेनों की बुकिंग पूरी तरह फुल हो चुकी है, लेकिन वापसी को लेकर राहत की खबर है। 28 जून को चलने वाली स्पेशल ट्रेन में 200 से अधिक सीटें खाली हैं। वहीं दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 78 सीटों पर वेटिंग है, जबकि अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग 40 से 50 तक पहुंच रही है। वेटिंग टिकट कंफर्म होने की संभावना 60 प्रतिशत से अधिक बताई जा रही है। 29 जून को भी यात्रियों को स्पेशल ट्रेन में आसानी से कंफर्म सीटें मिल रही हैं। वहीं 30 जून को चलने वाली तीन अलग-अलग एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर से लेकर एसी कोच तक की 50 से 70 सीटें अब भी खाली हैं।

## अलग-अलग इलाकों में निवासरत 40 से ज्यादा परिवारों की पुलिस कर रही पड़ताल

# संदिग्ध बांग्लादेशियों की तलाश, आधा दर्जन इलाके चिन्हांकित, रायपुर में 40 परिवारों पर शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी सहित प्रदेश में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से निवासरत हैं। अवैध तरीके से निवासरत अमूमन सभी बांग्लादेशियों ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से अपने आधार, पैन के साथ राशनकार्ड समेत पासपोर्ट तक बनवा लिए हैं। ऐसे में बांग्लादेशियों की पहचान कर पाना पुलिस के लिए एक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। बताया जा रहा है कि राजधानी में 42 संदिग्ध परिवारों की पहचान की गई है, जिनके बांग्लादेशी होने का शक है। पुलिस ने जिन संदिग्ध बांग्लादेशी परिवार की पहचान की है, वे सभी राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत हैं।

राजधानी में अब तक जितने भी बांग्लादेशी पकड़े गए हैं, उनमें से ज्यादातर का कनेक्शन पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के मुंबई, नागपुर से होना पाया गया है। ऐसे में पुलिस नागपुर से संपर्क रखने वालों पर विशेष निगरानी रख रही है। पूर्व में जो बांग्लादेशी पकड़े गए हैं, उनके द्वारा बांग्लादेश में अपने परिवार के लोगों से मोबाइल कॉल की अपेक्षा वाट्स एप, फेसबुक तथा इंटरनेट के माध्यम से कॉल किया गया है। ऐसे में संदिग्धों की कॉल ट्रेस करने में पुलिस को परेशानी हो रही है। बांग्लादेशियों के पकड़े जाने पर उनके मोबाइल की जांच करने पर इस बात का खुलासा हुआ है।

### संदिग्धों की जानकारी देने पुलिस ने जारी किया टोल फ्री नंबर

बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए पुलिस तथा एसटीएफ अपने स्तर पर अभियान चला रही है। इसके साथ ही बांग्लादेशीयों की पहचान के लिए आम लोगों से भी मदद ली जाएगी। इसके लिए पुलिस ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से लोग अपने क्षेत्र में भाषा, संदिग्ध रहन-सहन के आधार पर टोल फ्री नंबर पर जानकारी दे सकते हैं। **टोल फ्री नंबर 18002331905** के माध्यम से लोग अपने क्षेत्र के संदिग्ध के बारे में जानकारी दे सकते हैं।


रायपुर में मिले बांग्लादेशी दंपति गिरफ्तार, नाबालिग बेटी हिरासत में

### नाबालिग बोलता है छत्तीसगढ़ी

टिकरापारा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों दो अलग-अलग क्षेत्रों से पकड़े गए 13 से ज्यादा बांग्लादेशियों में एक नाबालिग बंगाली मिक्स छत्तीसगढ़ी बोलता है। इसकी वजह एक दशक से ज्यादा समय से रहने की वजह से नाबालिग अपने पड़ोस में खेलने वाले बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ी सीख गया है। साथ ही कई बांग्लादेशी छत्तीसगढ़ी बोली भी समझने लगे हैं।

### इन क्षेत्रों में विशेष जांच

अब तक पकड़े जितने भी बांग्लादेशी पकड़े गए हैं, वे सभी टिकरापारा थाना क्षेत्र में निवासरत थे। इसलिए बांग्लादेशियों को लेकर टिकरापारा थाना क्षेत्र को संवेदनशील एरिया के रूप में चिन्हांकित किया गया है। टिकरापारा थाना क्षेत्र के धरमनगर, गोकुल नगर, संजय नगर के साथ बोरियाखुर्द में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बिरगांव के गाजीनगर में बांग्लादेशियों के होने की आशंका के चलते पुलिस ने वहां भी निगरानी बढ़ा दी है।

### सीमा पार होते ही आधारकार्ड

राजधानी में अब तक जितने भी बांग्लादेशी पकड़े गए हैं, उनमें से ज्यादातर के आधारकार्ड पश्चिम बंगाल के बने पाए गए हैं। फर्जी दस्तावेज के आधार पर आधारकार्ड बनवाने के बाद बांग्लादेशी पश्चिम बंगाल से देश के अन्य राज्यों में जाकर रह रहे हैं। पुलिस ने अपनी इंटरनल जांच में पाया है कि कई संदिग्धों ने पश्चिम बंगाल के बने अपने आधारकार्ड को अपडेट कराकर छत्तीसगढ़ के निवासी के रूप में परिवर्तित करा लिया है। ऐसे में बांग्लादेशियों की पहचान कर पाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

### घनी आबादी वाले स्लम एरिया में निवासरत

पुलिस जिन 42 संदिग्धों की जांच कर रही है, उनमें से ज्यादातर लोग स्लम एरिया के अलावा घनी बस्ती एरिया में रह रहे हैं। ऐसे में संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस के अनुसार, लंबे समय से यहां रहने की वजह से पश्चिम बंगाल से आए संदिग्ध स्थानीय भाषा भी सीख गए हैं।

## बस्तर के आदिवासियों की सुरक्षा की गारंटी क्यों नहीं लेती डबल इंजन की सरकार

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सवाल किया है कि चुनाव के पहले आप खुद राज्य की जनता से डबल इंजन की सरकार की दुहाई देकर वोट देने की अपील करते थे।



अब राज्य में डबल इंजन की सरकार है तो फिर राज्य का क्या भला हुआ? मानसून आने के बाद भी किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहे। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के कोटे का डीएपी और अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं करा रही। किसान परेशान हैं, ऐसे डबल इंजन का क्या भरोसा, जब राज्य के किसान अपनी प्रमुख फसल ही नहीं ले पा रहे। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से पूछा कि आज भी बस्तर में आदिवासी असुरक्षित हैं। रोज उनकी हत्या हो रही है। इस पर उनकी सरकार क्या करेगी? आदिवासियों की सुरक्षा की गारंटी डबल इंजन की सरकार क्यों नहीं लेती? बस्तर के खनिज संसाधनों को डबल इंजन की सरकार क्यों बेच रही? एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर क्यों नहीं ला रहे? बस्तर के युवाओं को एनमडीसी की भर्ती में प्राथमिकता क्यों नहीं दी जा रही? शाह बताएं कि डबल इंजन की सरकार का छत्तीसगढ़ को क्या फायदा हुआ? उन्होंने कहा, राज्य में समर्थन मूल्य पर खरीदा गया 35 लाख मिट्रिक टन धान आज भी खुले मे पड़ा है।

## कांग्रेस को अधिक मजबूत करने जांगिड़ ने दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने एवं आगामी रणनीति तय करने पर विचार किया गया।

श्री जांगिड़ ने कहा, कांग्रेस पार्टी का आधार कार्यकर्ता हैं। मजबूत संगठन ही जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठा सकता है। उन्होंने पदाधिकारियों से नियमित जनसंपर्क, बूथ स्तर पर सक्रियता और युवाओं को संगठन से जोड़ने की अपील की। इसके अलावा बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की योजना सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, शिव सिंह ठाकुर, श्रीकुमार मेनन, सुमित दास, अरुण जंघेल, अशोक ठाकुर, संदीप साहू, सतनाम पनाग, देवेंद्र यादव, देव कुमार साहू, नवीन चंद्राकर, आकाश तिवारी, बंशी कन्नौजे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अगले माह से भाजपा की जिला कार्यकारिणी लेने लगेगी आकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सभी मंडलों की कार्यकारिणी इस माह के अंत तक बनने की संभावना

प्रदेश के भाजपा संगठन में चार माह में मंडलों की नई कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। अभी 80 फीसदी मंडलों में कार्यकारिणी तय हो सकी है। मंडलों के कारण जिलों की कार्यकारिणी भी अटक गई है। मंडलों में कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। सभी मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान होने के बाद भी जिलों की कार्यकारिणी बनेगी। संभावना है कि इस माह के अंत तक सभी जिलों के मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान हो जाएगा, इसके बाद अगले माह से भाजपा के 36 संगठन जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगेगी। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया। इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### पहले मंडल, फिर जिलों का नंबर

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेडलाइन 10 मार्च रखी गई, बाद में इसे 20 मार्च किया गया, लेकिन पूरा मार्च निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया। मई में भी सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी तो जून का समय दिया है। अब इस माह कई जिलों में तेजी से कार्यकारिणी बनी है। रायपुर के सभी 20 मंडलों की कार्यकारिणी बन गई है और इसका ऐलान भी हो गया है। इसी तरह से कई जिलों के मंडलों में कार्यकारिणी बन गई है। जिन जिलों के

## डूंडा की शराब दुकान बंद कराने लगातार जारी है धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डूंडा स्थित शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी पिछले दस दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने स्थानीय निवासियों के साथ धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर उनकी मांगों पर तत्काल कार्यवाही करने, शराब दुकान बंद कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है। गौरतलब है कि डूंडा के निवासी शराब दुकान हटाने के लिए पिछले दस दिनों से लगातार धरना-प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। विगत दिनों में पंकज शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। कलेक्टर के आश्वासन के बावजूद अब तक शराब दुकान हटाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि हम सभी मिलकर डूंडा की शराब दुकान को किसी भी हाल में बंद कराएंगे। यदि उक्त शराब दुकान शीघ्र ही नहीं हटाई जाती है तो हम क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे।

### बिजली नियामक आयोग ने पहली बार दिया एक और मौका

# एक बार फिर 30 को बिजली के नए टैरिफ पर जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिजली के नए टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग ने पहली बार जनसुनवाई के लिए एक और मौका दिया है। 19 और 20 जून को अलग-अलग वर्गों की जनसुनवाई हो चुकी है। इसमें सभी वर्गों ने एक ही मांग रखी है कि किसी भी वर्ग की बिजली की कीमत न बढ़ाई जाए। आयोग के पास इस बात की जानकारी आई है कि कई लोग जनसुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं और ऐसे लोग एक मौका चाहते हैं। इसलिए अब आयोग ने 30 जून को ऐसे लोगों को मौका देने का फैसला किया है। आयोग के दफ्तर में 30 जून को सुबह 11.30 से 4.30 बजे के बीच किसी भी वर्ग के उपभोक्ता अपनी बात रख सकते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा, लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है, लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। यह बात तय है कि टैरिफ में भी महंगी बिजली का झटका लगेगा। नए टैरिफ के लिए दो दिनों तक पहले ही जनसुनवाई हो गई है और अब एक बार फिर से 30 जून को जनसुनवाई होगी।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



पति को खोने के बाद बनी पहली ....


## लाइव इवेंट

## गणेशोत्सव पर महाराष्ट्र मंडल में बहेगी भागवत कथा की रसधारा



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 11 दिनों तक गणेशोत्सव की धूम के साथ पितृ पक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मुंबई से आचार्य धनंजय शास्त्री हिंदी में भागवत कथा सुनाएंगे। इस दौरान प्रतिदिन विशेष महा प्रसादी भंडारा भी होगा। चार से छह अक्टूबर तक महाराष्ट्र मंडल के 90 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय मराठी सोहळा (मेला) का आयोजन किया जाएगा। इसमें शशि वरवंडकर द्वारा निर्देशित हिंदी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का मंचन सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र होगा। महाराष्ट्र मंडल परिसर में रविवार को सुबह आयोजित कार्यकारिणी और विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों व विशेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक में न केवल भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई गई, बल्कि इन कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। काले ने कहा कि हमने कई विपत्तियों और अड़चनों के बावजूद सभासदों और जनसहयोग से महाराष्ट्र मंडल के नए भवन का निर्माण किया।

### कार्यक्रम की तय की गई रूपरेखा

मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि 26 और 27 जुलाई को खेलकूद समिति हर वर्ष की भांति नगर स्तरीय भव्य अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित करेगी। यह प्रतियोगिता उपाध्यक्ष गीता दलाल के नेतृत्व में किया जाएगा। इसके उपरांत 17 अगस्त को कला एवं संस्कृति समिति के प्रमुख अजय पोतदार बच्चों को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देंगे। इसी तरह सांस्कृतिक समिति की ओर से 22 अगस्त को तान्हा पोला का आयोजन किया जाएगा। 27 अगस्त से 6 सितंबर तक 11 दिनों तक गणेशोत्सव पर महाराष्ट्र मंडल में प्रतिदिन एक से बढ़कर एक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, संगोष्ठी व भजन कीर्तन की धूम रहेगी। दंडवते के मुताबिक 9 से 15 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत शारदेय नवरात्र के दौरान 27 से 31 सितंबर तक पांच दिवसीय रास गरबा होगा। वहीं, 19 अक्टूबर को दिवाली पहाट का आयोजन होगा।

● जिम में 50 मिनट की एक्सरसाइज से 300 तक कैलोरी हो रही बर्निंग

# जिम में फिटनेस का नया ट्रेंड, कपड़े के झूले से कसरत, एयर बाइक से स्टेमिना बढ़ाकर घटा रहे वजन

महानगर की तर्ज पर शहर का जिम अपडेट हो रहा है। जहां लोगों की मांग पर सेहत बनाने आधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं, जो विभिन्न रोगों को दूर करने के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। हरिभूमि से बातचीत में फिटनेस एक्सपर्ट ने बताया कि शहर में अब एरियल योग, एयर बाइक, प्लायो बॉक्स, टायर स्लीपर, ट्रेडमिल जैसी आधुनिक मशीनें लाई गई हैं, जो बेहतर स्वस्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो रहा।



### एयर बाइक से कार्डियो और स्टेमिना भी बेहतर

*शहर में पहली बार एयर बाइक, प्लायो बॉक्स, टायर स्लीपर, ट्रेडमिल जैसे कई उपकरण नए फीचर के साथ लाया गया है, जिसकी कीमत ही 1-2 लाख रुपए से अधिक है। शहर स्थित ट्रांसफॉरमेशन जिम 2.0 में दो-तीन नए उपकरण मौजूद हैं, जिससे लोगों को कम समय में ही फिटनेस का रिजल्ट देखने को मिलेगा। ट्रेनर सौरभ यादव ने बताया कि इन दिनों लोग वर्कआउट कार्डियो और बेहतर स्टेमना के लिए करते हैं। यह सभी मशीनें नए फीचर के साथ तैयार की गई है, जो शहर में अन्य जिमों में अबतक नहीं लाई गई है। एयर बाइक, ट्रेडमिल के इस्ऐमाल से मोटापा जल्द ही कम किया जा सकता है। इसे सभी उम्र के लोग कर सकते हैं।*



**रायपुर।** मानसिक और शारीरिक रूप से स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सक पानी पर चलने की सलाह दे रहे। इससे नींद, तनाव जैसी मानसिक समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। एक्सपर्ट ने बताया कि एरियल योग से सभी वर्ग के लोग जूड़ रहे हैं। इस योग से लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से फायदा हो रहा है। इसके अलावा मोटापा कम करने के लिए एयर बाइक नई मशीन आई हुई है। खास बात यह है कि कार्डियो और स्टेमना बढ़ाने के लिए युवा एयर बाइक का उपयोग कर रहे हैं।




### पीसीओडी, एंजाइटी, डिप्रेशन दूर करने कर रहे एरियल योग

एरियल योग, पारंपरिक योग मुद्रा है, जिसे फ्लाई योग भी कहा जा सकता है। जिसे छत पर बंधे कपड़े के झूले के साथ किया जाता है, जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बेहतर करने में मदद करता है। एक्सपर्ट डॉ. प्रेम राजपूत ने बताया कि एरियल योग में सबसे फायदेमंद शीर्षासन है। यह बच्चों के मांसपेशियों को मजबूत और एकाग्रता में सुधार करता है। शहर में महिलाएं पीसीओडी, थाइराइड, बैक पेन, एंजाइटी, डिप्रेशन जैसी समस्याओं से मुक्त होने के लिए एरियल योग को जीवन में शामिल कर रहे। नियमित अभ्यास से इसमें फायदे भी देखने मिले हैं। एरियल योग में शरीर का भार कपड़े के झूले पर होता है, जिसके कारण हर उम्र के लोग इसे कर सकते हैं। रोजाना 20-30 मिनट एरियल योग से मानसिक और शारीरिक रूप से कई फायदे हो रहे हैं। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है।



### स्वीमिंग पूल में जुंबा डांस का ट्रेंड

इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के संचालक पुष्पकांत चन्द्राकर ने बताया कि समय-समय पर स्विमिंग पूल पर डिफरेंट एक्सरसाइज क्लास प्लान किया जाता है। इसमें स्विमिंग पूल के अंदर योगाभ्यास, एक्सरसाइज, जूंबा जैसी क्लास ली जाती है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है। साथ ही भूख और नींद बेहतर होती हैं। इन दिनों चिकित्सक भी मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को पानी पर संतुलन बनाने के लिए तैयारी करने की सलाह दे रहे। विभिन्न संस्थाएं समय-समय पर पूल में जूंबा एक्सरसाइज करने पहुंच रहे हैं।



## सिटी इवेंट

## म्यूजियम में बस्तर की कला संस्कृति कर रहीं आकर्षित



**रायपुर।** नवा रायपुर अटल नगर स्थित जनजातीय संग्रहालय में प्रदर्शित आदिवासियों की कला-संस्कृति को देखने लोगों का रेला लग गया है। यहां आदिवासियों की अनूठी वेश-भूषा, रहन-सहन, रीति-रिवाज से जुड़ी विविध दृश्यों का म्यूजियम के माध्यम से जीवंत प्रदर्शन व उनसे जुड़े वस्तुओं का संग्रहण शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बस्तर की मन को मोह लेने वाली सरल, सहज जीवन शैली, कला-संस्कृति लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। संग्रहालय में प्रदर्शित आदिवासी जीवन, कला-संस्कृति को देखने के लिए 20 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारण के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शक ट्राइबल म्यूजियम पहुंच रहे हैं।

### 10 हजार से ज्यादा लोगों ने किया अवलोकन

संग्रहालय के टिकट काउंटर से मिली जानकारी के मुताबिक 28 मई से 22 जून तक की औसत आंकड़ा निकाले तो लगभग 10 हजार से अधिक लोग पिछले 26 दिनों में म्यूजियम देखने पहुंच चुके हैं। वहीं, म्यूजियम की प्रभारी डायरेक्टर गायत्री नेताम ने बताया कि म्यूजियम को देखने वाले लोगों की तादात लगातार बढ़ती जा रही है, जो म्यूजियम की स्थापना के उद्देश्य को सार्थक साबित कर रहा है। इसके साथ ही न्यूनतम प्रवेश शुल्क से म्यूजियम का उचित रखरखाव में सहयोग मिल सकेगा। गौरतलब है भव्य जनजातीय संग्रहालय को करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

### रविवार को दोगुनी पहुंच रही दर्शकों की संख्या



देखने को मिल रहा है कि रविवार व छुट्टियों के दिन संग्रहालय में पहुंचने वाले दर्शकों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुना पहुंच जा रहा है। शहरवासियों के लिए जनजातीय संग्रहालय एक नया फैमिली स्पॉट के रूप में ट्रेंड करने लगा है। शहर में विविध फैमिली स्पॉट के बाद जनजातीय संग्रहालय मनोरंजन के साथ-साथ नॉलेज की दृष्टि से एक खास जगह के रूप में जल्द ही स्थापित होने लगी है। यहां दोस्तों, परिजनों के साथ लोग जनजातीय जीवन शैली को प्रदर्शित करता कलाकृतियों, संग्रहित वस्तुओं के साथ अपने मोबाइल पर खूब सेल्फी, फैमिली फोटो निकालते नजर आ रहे हैं। वहीं, वीडियो रिकार्डिंग कर सोशल मीडिया पर रील बनाकर डाल रहे हैं, तो कोई अपना व्हाट्सअप स्टेटअस अपडेट कर रहे हैं। इस तरह से आदिवासी संग्रहालय को लेकर अच्छी आकर्षण लोगों में देखने को मिल रहा है।

## सिर भर जाऊं उचित अस मोरा... सब तें सेवक धरमु कठोरा...भरत मिलाप नाटक का हुआ मंचन

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित जैतू साव मठ के गांधी भवन में भरत मिलाप नाटक का मंचन किया गया। नाटक में श्रीरामचंद्र और भरत के बीच संवादों व दृश्यों का जीवंत प्रस्तुतीकरण पात्र कलाकारों के माध्यम से किया गया। राजा राम को वनवास जाना पड़ जाता है, उस दौरान राजपाठ को संभालने को लेकर निर्मित परिस्थिति और भरत व राम के बीच के प्रेम, मर्यादा की शिक्षा की ताना- बाना को कलाकारों ने नाटक मंचन के दौरान दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज व अध्यक्ष के रूप में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र रायपुर के विधायक सुनील सोनी ने नाटक मंचन का आनंद उठाया। नाटक मंचन के पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला पहनकर आयोजकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने कहा कि जब भगवान श्रीरामचंद्र को तपस्वी के वेश में चौदह बरस का बनवास हुआ, तब कहीं जाकर भरत चरित्र इस संसार में प्रकट हुआ। उन्होंने राम-भरत मिलाप के संवाद का उल्लेख किया कि 'तापस वेष बिसेषि उदासी, चौदह बरिस रामु बनवासी।' उन्होंने आगे कहा कि आज हम सभी का सौभाग्य है कि भगवान राम और भरत के चरित्र का दर्शन भरत मिलाप नाट्य मंचन के द्वारा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने भरत के चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि 'सिर भर जाउं उचित अस मोरा, सब तें सेवक धरमु कठोरा।'



### कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने सराहा

सभी अतिथियों ने भरत मिलाप नाट्य मंचन देख कर उसकी सराहना की। इस अवसर पर विशेष रूप से दाऊ महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, सुरेश शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, महन्त राजीव नयन शरण महाराज, अंबर अग्रवाल, कार्यक्रम के आयोजक राकेश सिंह, प्रकाश ठाकुर, राहुल उपाध्याय, राजेश अग्रवाल, राजकुमार पांडे, किशोर वैभव जायसवाल, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## मृत्युंजय व शत्रुंजय तप में 100 से अधिक तपस्वी लेंगे भाग, 27 को प्रवेश शोभायात्रा



**रायपुर।** भावोल्लास चातुर्मास समिति द्वारा 27 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। यह शोभायात्रा प्रातः 7:30 बजे तिरुपति अपार्टमेंट से प्रारंभ होकर विमलनाथ मंदिर में सम्पन्न होगी। शोभायात्रा के प्रारंभ स्थल पर जयराज वेद परिवार की ओर से नौकरशी की विशेष व्यवस्था की गई है। चातुर्मास से संबंधित समस्त कार्यक्रम हीरसुरी भवन में संपन्न होंगे। आयोजन के पश्चात धर्मप्रेमियों के लिए स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई है। इस विशेष अवसर पर मृत्युंजय तप और शत्रुंजय तप का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 100 से अधिक तपस्वियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई है।

**भावोल्लास चातुर्मास समिति की प्रवेश तैयारी ज़ोरों पर**

तप आयोजन को लेकर समाज में धार्मिक उत्साह चरम पर है। भैरव सोसायटी में आयोजित होने वाले इस चातुर्मास को लेकर महिला मंडलों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विमल महिला मंडल की हर्षिता टटिया एवं ममता सुराना, सीमांध्र महिला मंडल की मंजू कोठारी और नेहा श्रीमाल, भैरव महिला मंडल की दीपाली बरलोटा व आम्रपाली सोसायटी महिला मंडल की ज्योति कोचर तैयारी में जुटी हुई हैं।

**कार्नर न्यूज**

चार यूनिट्स से मेंटेन हो रही बर्फीली ठंडक, 6-8 इंच की बर्फ की परत

# स्नो वर्ल्ड में माइनस 6 डिग्री की सर्दी, मनाली-कश्मीर जैसा एहसास



**रायपुर।** राजधानी के सिटी सेंटर मॉल में कश्मीर की वादियों का एहसास हो रहा है। यहां सात हजार स्क्वेयर फीट में फैला स्नो वर्ल्ड में लोगों को मनाली और कश्मीर की तरह बर्फ की चादर देखने को मिल रही। खास बात यह है कि यहां 24 घंटे तापमान मेंटेन रखने के लिए 4 यूनिट लगाया गया है, जो माइनस 6 डिग्री ठंडक रखता है। एंट्री के साथ ही लोग बर्फीली वादियों की ठंडकता और सुन्दरता का अनुभव कर रहे हैं, जहां 6-8 इंच की बर्फ की परत बिछी हुई है। स्नो वर्ल्ड के चारों तरफ 7-8 डिफ्रेंट एक्टिविटी जोन तैयार किया गया है, जो बर्फीले जानवरों और पहाड़ के डमी के साथ बनाया गया है। यहां एक साथ 50 से अधिक लोग बर्फ का लुफ्त उठा सकते हैं।



### हजारों किलो बर्फ का इस्तेमाल

स्नो वर्ल्ड की प्रबंधक मिनी स्वर्णकार ने बताया कि एंट्री से पहले सभी को ठंड से बचने के लिए जैकेट और जूते दिए जाते हैं, जिससे बर्फ में चलने में भी मदद मिलती है। हर सप्ताह 25-30 बर्फ की नई सिल्लियां लाई जाती हैं, जिसे क्रश कर वापस बिछाया जाता है। स्नो वर्ल्ड को तैयार करने में लगभग 45-50 हजार किलो बर्फ का इस्तेमाल किया गया। वहीं, कश्मीर और मनाली जैसी ठंडक का एहसास करने 400-500 लोग रोजाना स्नो वर्ल्ड पहुंच रहे।

### भूल भुलैया, इग्लू, स्लाइड और रोक क्लिंब प्ले जोन

इस स्नो वर्ल्ड को खास बनाने के लिए भूल भुलैया, इग्लू, स्लाइड और रोक क्लिंब प्ले जोन बनाया गया है, जिसे खासतौर पर बंगाल के श्रमिकों ने तैयार किया है। एंट्री के साथ ही लोगों को बर्फीले इलाकों के वुडन से तैयार घर देखने को मिलता है, जो बर्फ से ढका हुआ है। वहीं, दूसरी ओर स्लाइड में लगातार बच्चे ,पैरेंट्स, यूथ खेलते नजर आए। स्नो वर्ल्ड में 5-6 सेल्फी जोन तैयार किया गया है, जिसके लिए पहाड़ और इग्लू को डेकोरेट किया गया है।



## योगा लाइव



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार सुबह उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल एवं उर्मिला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों व स्टाफ के बीच तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति और सकारात्मक कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6.30 बजे हुई।



सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 11वां संस्करण पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम थी 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग', जिसे ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योग सत्र में भाग लेकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।



मैट्स विश्वविद्यालय के आरंग और पंडरी कैंपस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 16 से 20 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का समापन 21 जून को भव्य योग सत्र और शांति पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग द्वारा किया गया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर द्वारा मधुबन फार्म्स में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। शांत और प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रख्यात योग प्रशिक्षिका सोनिया हरचंदानी ने किया।



केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रही। इस अवसर पर सिपेट के प्रधान निदेशक एवं प्रमुख डॉ. आलोक साहू ने अपने संबोधन में कहा, योग ही निरोग काया की कुंजी है।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र रायपुर अंचल ने एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सामूहिक योग कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें सोसाइटी के निवासी, बैंक की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। प्रतिभागियों में वरिष्ठ नागरिकों से लेकर युवा और बच्चों तक सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली।



विश्व योग दिवस के अवसर पर सुयश अस्पताल ने आरोग्य मंदिर के सहयोग से एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की अगवाई प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ डॉ. विवेक भारतीया ने की।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल द्वारा एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंचल कार्यालय रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा रायपुर शहर की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ।

● अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस आज, महिलाएं बोलीं- सिंदूर-चूड़ी खोने के बाद समाज में जीना बड़ी चुनौती

# पति को खोने के बाद बनी पहली महिला पुजारिन निभाया फर्ज, सपना पूरा करने बेटे को बनाया डॉक्टर

'समाज में आए दिन हृदय विदारक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं, जब पति को खोने के बाद महिलाएं खुद को असहाय मानकर बच्चों सहित जीवन लीला ही खत्म करने का निर्णय ले लेती हैं। ऐसी महिलाओं के लिए शहर में ढेरों प्रमाण हैं, जहां किसी ने पहली महिला पुजारन होने का गौरव, तो किसी ने हाथों के हुनर को ही ताकत बनाया। संघर्ष करते हुए न केवल घर चलाने के लिए दिन-रात काम किया, बल्कि पति के सपने को पूरा करते हुए बेटे को डॉक्टर बनाया। उनका संघर्ष आज अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस पर दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।'

**रायपुर।** फाफाडीह चौक स्थित श्री रामदेव सा पीर मंदिर में पहली महिला पुजारन के रूप में सेवा दे रही अन्नपूर्णा देवी शर्मा की व्यथा दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरक हो सकती है। उन्होंने बताया कि जिस महिला ने हाथों की चूड़ी और माथे का सिंदूर खो दिया हो, उसका समाज में जीना बड़ी चुनौती बन जाता है। मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। पति स्व. संतोष शर्मा 2014 तक एक प्राइवेट जॉब किया करते थे। उन दिनों उन्हें कैंसर की समस्या हुई और इलाज में अपना घर बेचना पड़ा। इसके बाद भी 2020 में उनका साथ छूट गया। उनके इलाज का खर्च वहन करने के लिए मैं रोज 12 से 15 किलोमीटर 8 किलो का बैग लेकर घर-घर जाकर ब्यूटिशियन का काम करते हुए उन्हें बचाने का प्रयास करती रही। पति के रहते मैंने संकल्प लिया कि दोनों बेटों को प्राइवेट नौकरी नहीं करने दूंगी।

अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस

## सिलाई-कढ़ाई करके बेटे को पढ़ाया



टाटीबंध निवासी मुक्तेश्वरी ताम्रकार ने बताया कि कोविड के बीच 2019 में पति राकेश ताम्रकार की मौत हार्ट अटैक से हुई। वे सिविल इंजीनियर के तौर पर प्राइवेट जॉब करते थे। उनका सपना था कि बेटे को डॉक्टर बनाऊंगा। उनके जाने के बाद मैंने सिलाई-कढ़ाई के हुनर को ताकत बनाया व मायके के लोगों से मदद लेकर खुद का शॉप शुरू किया। रोज 12 से 14 घंटे की मेहनत का नतीजा यह हुआ कि बेटा डॉक्टर बनने के बाद खुद का क्लीनिक चला रहा, बहू भी होम्योपैथी डॉक्टर है। मैंने संकल्प लिया था कि बेटे को प्राइवेट जॉब नहीं करने दूंगी। उस संकल्प को पूरा करते हुए आत्मनिर्भर बनाने से आत्म विश्वास कायम है।

## चुनौतियों के लिए किया तैयार, सीखा हुनर



*पुरानी बस्ती के अवधिया पारा में रहने वाली गौरी अवधिया ने बताया कि पति स्व. शैलेन्द्र की 2010 में अटैक से मौत हो गई। तब बेटा ऋषभ व बेटी नारायणी छोटी थी। उनकी पढ़ाई एवं परिवार का दायित्व निभाने के लिए सिलाई और बुटिक सीखने के बाद घर में ही काम करना शुरू किया। इसमें 4 महिलाओं को काम भी दिया। मेडिकल कॉलेज की छात्राओं के लिए सिलाई करने दिन-रात मेहनत की। इसके फलस्वरूप बेटा ऑनलाइन मार्केटिंग और बेटी इंदौर में प्राइवेट जॉब करती है। इसके बाद भी काम बंद नहीं किया। हर साल 8 से 10 बेटियों को निःशुल्क काम सिखाते हुए उन्हें भविष्य में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार कर रही है।*

## प्राइवेट नौकरी से बचाने बनाया वेदाचार्य





पति को खोने के बाद रहने की समस्या हुई। उन दिनों मैं फाफाडीह स्थित श्री रामदेव सा पीर मंदिर में रोज सेवा देती थी। इसे देखते हुए वहां के पदाधिकारियों ने मंदिर में पुजारी का दायित्व देते हुए रहने के लिए आवास दिया। जहां रहते हुए मैं लोगों का श्रृंगार करने की बजाय भगवान का श्रृंगार और सेवा करने लगी। बाद में बड़े बेटे अंशद को हिमाचल व छोटे बेटे लक्ष्य को बनारस से वेद की शिक्षा दिलवाने का निर्णय लिया। अभी दोनों बेटे बतौर वेदाचार्य आत्मनिर्भर बन चुके हैं। खुद के संघर्ष को देखते हुए शहर की एक हजार बेटियों को निःशुल्क पार्लर का काम सिखाया, ताकि वे जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकें।

# महोत्सव में रही मंत्रोच्चार की गूंज रसेश्वर शिवलिंग का अघोराभिषेक

अघोरा महोत्सव के दूसरे दिन श्रीधाम सुमेरू मठ पर 200 से अधिक भक्तों ने श्रीयज्ञ हवन अनुष्ठान, महाआरती, अघोराअभिषक में लिया भाग



**रायपुर।** मनसा तालाब प्रोफेसर कॉलोनी अघोर पीठ श्रीधाम सुमेरू मठ औघड़ नाथ दरबार रविवार प्रातः 4 बजे से अघोर मंत्रोच्चारण से गूंज उठा। अघोर महोत्सव के दूसरे दिन भक्तों ने अघोरपीठाधीश के नेतृत्व में मंत्रोचार के साथ श्रीयज्ञ हवन अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद सुबह करीब 6 बजे पारद निर्मित रसेश्वर शिवलिंग का अघोराभिषेक किया। भक्तों ने रसराज का जल, दूध, दही, घी, शहद और मक्खन से अघोराभिषक किया। अघोराभिषक के बाद लगभग 10 बजे महाआरती में भक्त शामिल हुए। अघोरपीठाधीश व भक्तों द्वारा महाआरती में रसेश्वर शिवलिंग का पुष्प श्रृंगार किया गया। इस अघोर महोत्सव में भक्तों ने विविध धार्मिक यज्ञ-अनुष्ठान से दिव्य शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर अपने सुख-शांति और सौभाग्य की कामना की। अघोर पीठ श्रीधाम सुमेरु मठ पीठाधीश रूद्रानंद प्रचंडवेग के अनुसार अघोर शिष्यों व भक्तों द्वारा इस 5 दिवसीय अघोर महोत्सव में अघोरमंत्रोचार के साथ श्रीयज्ञ हवन अनुष्ठान, अघोराभिषेक, महाआरती की अनवरत विधि-विधान संचालित किया जा रहा है।



अघोरपीठाधीश ने बताया कि 21 जून से शुरू हुए इस अघोर महोत्सव में अघोर शिष्य व भक्तगणों के लिए मठ में अनवरत विविध धार्मिक अनुष्ठान 25 जून तक चलेगा। जहां भक्तगण अपने पुण्य फल की प्राप्ति, परिवार की सुख, समृद्धि और शांति के लिए महाआरती, अघोराभिषेक, हवन अनुष्ठान में शामिल हो रहे हैं। अघोर महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तगण प्रातः 4 बजे से रात्रि तक भक्ति व शक्ति की उपासना में लीन दिखाई दे रहे हैं।

### अघोर महोत्सव की विशेष महत्व

अघोरपीठाधीश्वर रूद्रानंद प्रचंडवेग के अनुसार साल का 21 से 25 जून को कामाख्या मंदिर में आदिशक्ति की पूजा का बहुत महत्व है। क्योंकि, इस दौरान मंदिर में अंबुबाची मेला लगता है, जो देवी कामाख्या के रजस्वला का उत्सव है। इस दौरान मंदिर तीन दिनों के लिए बंद रहता है, और माना जाता है कि देवी रजस्वला होती हैं। इसी विशेष अवसर पर अघोरपीठों में अघोर महोत्सव मनाया जाता है। देश के तीन अघोरपीठ में से एक श्रीधाम सुमेरू मठ पर भी साल में यह विशेष महत्व के दिनों में अघोर महोत्सव का आयोजन किया जाता है।



# सिंधी संस्कृति से युवाओं को जोड़ने पहली बार फिल्म फेस्टिवल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत पहली बार 4 से 8 जुलाई के बीच पांच दिवसीय सिंधी फिल्म फेस्टिवल करने जा रहा है। सिंधी भाषा व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की जाएगी। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि कलर्स मॉल में इसे आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रतिदिन दो शो शाम 6 से 9 व रात 9 से 12 बजे के बीच दिखाया जाएगा। युवा पीढ़ी को सिंधी भाषा से जोड़ने के लिए पूज्य पंचायत के साथ युवा और महिला विंग द्वारा ऐतिहासिक सिंधी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसके ब्रोशर का रविवार को विमोचन हुआ। इसमें समाज के लोगों को फिल्म फेस्टिवल का टिकट निःशुल्क दिया जाएगा। इसे समाज के लोग पंचायत के श्याम नगर स्थित प्रधान कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे।

### युवा और महिला विंग को दिया दायित्व

*इस फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन समाज के पदाधिकारियों ने किया। इसमें सिंधी पंचायत के पदाधिकारी, मुखीगण प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभी ने समाज को सिंधी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने और ज्ञानवर्धक बातों को ग्रहण करने आग्रह किया है। इस आयोजन को सफलता से आगे बढ़ाने का दायित्व पंचायत ने युवा एवं महिला विंग के पदाधिकारियों को प्राथमिकता से दिया है। इस आयोजन का संयोजक विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, मनीष पंजवानी व रतन वल्र्यानी को बनाया गया है। इस मौके पर साईं मुरलीधर उदासी, महेश दरयानी, बलराम आहूजा, महेश रोहड़ा और कैलाश बालानी प्रमुख रूप से मौजूद थे।*

# गांड़ा महासभा ने समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा द्वारा इस वर्ष भी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। इसके लिए समारोह का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। समाज के निर्वाचित पार्षदों का भी सम्मान किया। मेधावी छात्र सम्मान समारोह में उन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता हैं, जो 10वीं एवं 12वीं कक्षा में छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते है। मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करके समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य का खाका भी तैयार करता है। ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने से समाज व राष्ट्र का बेहतर निर्माण होगा।

### सकारात्मक एवं अच्छी सोच से सफलता संभव

*गांड़ा महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल, अध्यक्ष नारायण बाग, प्रदेश युवा अध्यक्ष बंटी निहाल के साथ आयोजन प्रभारी सुरेन्द्र बघेल, उपाध्यक्ष कमने सोना, महासचिव राजमोहन बाग ने समाज का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक एवं अच्छी सोच के साथ परिश्रम करने पर सफलता तक पहुंचने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता है। शिक्षा के बगैर मानव में संस्कार डालना टेड़ी खीर है इसलिए संस्कारवान समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। जब तक शिक्षा का स्तर अच्छा नहीं होगा किसी समाज का स्तर सुधर नहीं सकता। प्रतिभावान छात्रों को सम्मान मिलना चाहिए। इससे उनमें उत्साह व लगन बढ़ती है। प्रतिभा उभर कर सामने आती हैं।*




## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 27 से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा ३रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें 27 से 29 जून तक यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका एकल, यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 24 जून शाम 07 बजे तक है। इसी तरह 10 से 12 जुलाई तक सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 7 जुलाई शाम 07 बजे तक है।

प्रतियोगिता में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता एवं रायपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप (दोनों में से किसी भी एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता) में भाग लेने वाले पंजीकृत खिलाड़ियों का चयन/प्रविष्टि ही 23वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2025 हेतु स्वीकार की जाएगी। जिसमें जिला के अन्य टूर्नामेंट को शामिल नहीं किया जाएगा। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने यह जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री की पहल से सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में चीन जाएगी शालू



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासकीय आर्थिक सहायता मिलने से पामगढ़ की बेटी शालू डहरिया आगामी 14 से 20 जुलाई तक चीन में होने वाली एशियाई महिला सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग ले पाएगी। शालू ने इस प्रतियोगिता में चुने जाने से पहले दो बार ट्रायल दिया था। जिसमे पहला ट्रायल आंध्र प्रदेश में 2 से 3 फरवरी के मध्य वही दूसरा ट्रायल 15 से 16 अप्रैल के बीच जम्मू कश्मीर में संपन्न हुआ। शालू कैचिंग और आउटफील्ड की खिलाडी है। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर वे इंडिया कैम्प में शामिल हुई। यह कैम्प इंदौर में आयोजित हुआ। कैम्प में भी कंसिस्टेंट परफॉरमेंस के बूते वे टॉप-16 में चुनी गयी और अब भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उक्त चयन और आगे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन के लिए आ रही आर्थिक दिक्कतों को जान कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्थानीय विधायक शेषराज हरवंश की पहल तथा जिला प्रशासन के सहयोग पर त्वरित कार्यवाही की गई। सीएम साय ने खिलाडी बेटी को कहा की "बेटी, तुम आगे बढ़ो, हम सब तुम्हारे साथ हैं।" मुख्यमंत्री साय ने वीडियो कॉल पर न सिर्फ शालू का हौसला बढ़ाया, बल्कि 1.70 लाख की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। अब शालू एशिया सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। शालू पामगढ़ के स्थानीय अकादमी में कमल सिंह निराला व कोच शीतल खांडे के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करती है। शालू की इस उपलब्धि में जिला व राज्य सॉफ्टबॉल संघ का भी सराहनीय योगदान है। शालू ने इस अवसर पर संघ, कोच, वरिष्ठ, खिलाड़ी, स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया.

### राष्ट्रीय टारगेटबॉल प्रतियोगिता के लिए रिंकी का हुआ चयन



**रायपुर।** अम्बिकापुर जिले की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिंकी सिंह का चयन उत्तराखंड में 21 से 25 जून तक आयोजित 12वीं सीनियर राष्ट्रीय टारगेटबाल प्रतियोगिता में आमंत्रित खिलाड़ी के रुप में हुआ है। रिंकी सिंह बेस्ट शूटर के रुप में जानी जाती है। जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप तेलंगाना व मथुरा और सीनियर वर्ग में हैदराबाद में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने शूटिंग की बदौलत प्रदेश को कांस्य पदक जीत दिला चुकी है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने रिंकी को स्पर्धा के लिए बधाई दी है।

## थॉयराइड की समस्या बढ़ रही सभी वर्ग में, समय पर उपचार जरूरी

# बच्चे भी आ सकते हैं थायरॉइड की चपेट में मिलते-जुलते लक्षण दिखें तो हो जाएं सचेत

थायरॉइड की समस्या हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है, ये शरीर को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। ये एक ऐसी बीमारी है, जिसे अक्सर हम बड़ों की समस्या मान लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये बीमारी बच्चों को भी हो सकती है?

मेडिकल रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि बड़ी संख्या में बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या देखी जा रही है। स्कूल जाने की उम्र वाले बच्चों में ये सबसे आम है। एक अनुमान के मुताबिक 1,000 में से लगभग 37 बच्चों को थायरॉइड की बीमारी हो सकती है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो ये बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों में थायरॉइड क्यों होता है और इसके क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?




### थायरॉइड और इसके जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, थायरॉइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गले के आगे की ओर स्थित होती है। यह ग्रंथि कई महत्वपूर्ण हार्मोन्स बनाती है जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने के लिए जरूरी हैं। जब ये हार्मोन कम या ज्यादा बनने लगते हैं, तो थायरॉइड की समस्या उत्पन्न होती है। जब बात बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या को हो तो इसके अधिकतर मामले जन्मजात देखे जाते हैं, ये बाद में भी विकसित हो सकती है।

### बच्चों को इस रोग से कैसे बचाएं

कुछ बातों का ध्यान रखकर आप बच्चों को थायरॉइड की समस्या से बचा सकते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर नवजात स्क्रीनिंग टेस्ट कराएं। जन्म के तुरंत बाद टीएसएच और टी4 की जांच कराना ये पता करने में मदद करता है कि कहीं बच्चे को जन्मजात ये समस्या तो नहीं है। आयोडीन युक्त नमक का सेवन कराएं, आयोडीन थायरॉइड के ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए जरूरी है। बच्चे के विकास और व्यवहार पर नजर रखें , कोई असामान्यता दिखे तो डॉक्टर से जांच कराएं। परिवार में पहले से किसी की थायरॉइड की समस्या रही हो विशेष सावधानी बरतें। बच्चों को संतुलित और पोषक आहार (विटामिन ए-डी, आयरन) से भरपूर आहार दें।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, थायरॉइड की समस्या बच्चों में भी गंभीर रूप ले सकती है, लेकिन समय रहते पहचान और इलाज से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। नवजात की जांच से लेकर सही आहार और जीवनशैली तक, हर कदम पर सतर्कता जरूरी है। यदि आपका बच्चा सुस्त रहता है, ठीक से विकास नहीं कर रहा या पढ़ाई में पिछड़ रहा है, तो इसे 'आलस' या 'धीमा स्वभाव' समझने की बजाय एक बार डॉक्टर से मिलकर थायरॉइड टेस्ट जरूर करवाएं।



### बच्चों में थायरॉइड की पहचान कैसे करें?

थायरॉइड के लक्षण बच्चों में उम्र के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। सभी माता-पिता को इसपर ध्यान देते रहना जरूरी है। बच्चों में हाइपोथायरायडिज्म (हार्मोन्स का उत्पादन कम होने) के कारण आमतौर पर कब्ज, त्वचा में सूखापन, थकान, अधिक ठंड लगने, बालों के झड़ने, अनियमित मासिक धर्म (लड़कियों में), याददाश्त या ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्या अधिक देखी जाती रही है। यदि इस तरह की दिक्कतें आपके बच्चों को भी हो रही हैं तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच करा लें।

## डेढ़ महीने तक खेलों के गुर सीखे 200 से ज्यादा बच्चों ने

### रेलवे का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर में 51 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 21 जून को गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मनोज गुरुमुखी मुख्य अतिथि एवं उप महाप्रबंधक (सामान्य) समीरकांत माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पहले 1 मई से 15 जून तक निर्धारित किया गया था, किंतु बच्चों के उत्साह और जोश को देखते हुए इसे एक सप्ताह बढ़ाकर 21 जून तक किया गया। इस शिविर में कुल 235 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसमें क्रिकेट में 170, बॉक्सिंग में 40 तथा आर्चरी में 25 बच्चों ने हिस्सा लिया।

बच्चों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु रेलवे के वरिष्ठ प्रशिक्षकों के साथ-साथ आवश्यक खेल उपकरण, प्रशिक्षण किट एवं जर्सी भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि बच्चों ने गर्मी, उमस और बारिश के बावजूद शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ अपना समर्पण एवं अनुशासन दिखाया।

समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और स्पोर्ट्स स्टाफ को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज गुरुमुखी ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा और अनुशासन सराहनीय है और भविष्य में ये खिलाड़ी रेलवे एवं देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर आयोजकों ने जानकारी दी कि अगले वर्ष समर कैंप में और भी खेलों को शामिल करने तथा पूरे वर्ष भर प्रशिक्षण जारी रखने की योजना बनाई जा रही है। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागी बच्चों, उनके अभिभावकों,




राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को सभी प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों को इस शिविर को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कोल्ड ड्रिंक को कहें अलविदा घर पर बनाएं जामुन शॉट्स



जामुन शॉट्स एक ठंडा शरबत या हेल्दी ड्रिंक होता है, जिसे शॉट ग्लास में सर्व किया जाता है। इसमें जामुन का खट्टा-मीठा स्वाद और मसालों का तड़का इसे खास बनाता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को आंतरिक ठंडक पहुंचाकर आपको तरोताजा करेंगे।

### जामुन शॉट्स बनाने का सामान

पके हुए जामुन–1 कप, भुना हुआ जीरा– टीस्पून,काला नमक–स्वादानुसा, नींबू का रस–1 टी स्पून,पुदीने की पत्तियां, कुछ बर्फ के टुकड़े,सोडा– कप

### जामुन शॉट्स बनाने की विधि

जामुन शॉर्ट बनाने के लिए सबसे तो जामुन लाकर उसे अच्छी तरह से धो लें। ध्यान रखें कि ये बिल्कुल गंदे नहीं होने चाहिए। अब जामुन को धोककर उसका गूदा निकाल लें। ये सबसे कठिन काम होने वाला है। आपको जामुन में से गूदा और गुठली को अलग कर देना है और फिर गूदे को एक कटोरी में निकाल लेना है। गूदा निकालने के बाद जामुन के गूदे में काला नमक, भुना जीरा और नींबू रस मिलाएं। इसके बाद इसे मिक्सी में थोड़ा पानी डालकर ब्लेंड कर लें।इसके बाद अब एक शॉर्ट ग्लास के किनारों पर हल्का सा नमक चिपका लें, इससे सजावट अच्छी लगती है। अब इस गिलास में बर्फ डालें, ऊपर से जामुन शॉट्स का मिश्रण डालें। इसके बाद स्वाद बढ़ाने के लिए आखिर में इसमें सोडा डालें। परोसने से पहले दो पत्ती पुदीने को गिलास के ऊपर रखें और सर्व करें।



## एशियन म्यूथाई चैंपियनशिप में रायपुर के भावजोत और शुभम सेमीफाइनल में

**रायपुर।** सीनियर एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप, 20 से 26 जून तक थाई न्यूएन प्राविंस वियतनाम में जारी है। छत्तीसगढ़ के खेल जगत में म्यूथाई खिलाड़ियों के अनवरत शानदार प्रदर्शन की कड़ी में दो और अंतरराष्ट्रीय पदक आने की संभावना प्रबल हो गई है। इस चैंपियनशिप में दल्लीराजहरा निवासी (वर्तमान में रायपुर) शुभम कुमार निषाद (अंडर-23, -51 किग्रा) और भावजोत सिंह कोहली (अंडर-23, -75 केजी) अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुँच गए है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि भावजोत का सेमीफाइनल सोमवार 23 जून को हॉन्गकॉन्ग के मींग हई यिप से होगा। इसी प्रकार शुभम कुमार निषाद भी अपने वजन वर्ग के सेमीफाइनल में पहुँच गए है जो 24 जून को होगा। उक्त एशियन म्यूथाई चैंपियनशिप में भारत के अलावा मेज़बान विएतनाम, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग, तुरकेमिस्तान, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, थाईलैण्ड, मंगोलिया, मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपीन्स, चीनी ताइपे, कजाखिस्तान, यू ए ई, साउथ कोरिया, इराक़, इंडोनेशिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के आमंत्रित खिलाड़ी भाग ले रहे है। उल्लेखनीय है कि 23 सदस्यीय भारतीय म्यूथाई दल में छत्तीसगढ़ से चयनित मात्र दोनों खिलाड़ी देवेन्द्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी एंड फिटनेस सेन्टर के संचालक अमन यादव (भाजपा प्रदेश कला एवँ खेल प्रमुख) के शिष्य है। दल्लीराजहरा निवासी शुभम वर्तमान में विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी में सहायक प्रशिक्षक है।

## एफआई की जिला तकनीकी अधिकारी परीक्षा में राज्य से 3 को जवाबदारी

**रायपुर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला तकनीकी अधिकारी (डीटीओ) परीक्षा में छत्तीसगढ़ से तीन पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई। फेडरेशन ने 8 जून को यह परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की, जिसके लिए 1557 लोगों ने अपना पंजीयन कराया था। उक्त परीक्षा हेतु एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा ऑनलाइन सेमिनार का औपचारिक उद्घाटन 15 मई को एफआई के पदाधिकारियों के स्वागत भाषण के साथ हुआ। 16 से 30 मई तक ऑनलाइन (जूम) सेमिनार दिया गया। चेयरमैन टेक्निकल कमेटी एफआई के डॉ ललित के भनोट के मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ मे आफिशियल तैयार किए जा रहे है। फेडरेशन द्वारा पीजे सेबेस्टियन को छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश का समन्वयक बनाया गया। राज्य के एनटीओ एवं वरिष्ठ एफटीओ बेंजामिन एमसी, पीजी जयकृष्णन और



के श्रीनिवास ऑनलाइन माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे विभिन्न राज्यों में व्याख्यान देने के लिए सेमिनार में शामिल हुए। सेमिनार और परीक्षा की विस्तृत रिपोर्ट संघ के सचिव अमरनाथ सिंह को प्रस्तुत की गई।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रेबेल ने 'ब्राइड हार्ड' के सेट पर हुए हादसे को किया याद, बोलीं- डर गई थी बुरी तरह



हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस रेबेल विल्सन के साथ फिल्म 'ब्राइड हार्ड' के सेट पर बड़ा हादसा हुआ। एक्शन सीन करते हुए उनकी नाक तक कट गई। इस हादसे के बारे में रेबेल विल्सन ने डिटेल में बात की है। एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'ब्राइड हार्ड' का रेबेल विल्सन हिस्सा हैं। 45 साल की इस हॉलीवुड एक्ट्रेस ने इस फिल्म में जमकर एक्शन सीन्स किए हैं। मगर जब फिल्म की शूटिंग खत्म हो रही थी तो एक्शन करते हुए उनकी नाक में चोट लगी और यह लगभग कट ही गई। इस हादसे से रेबेल डर गईं। इलाज के बाद वह ठीक हो चुकी हैं। हाल ही में इस हादसे का जिक्र इस हॉलीवुड एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में किया है। रेबेल विल्सन कहती हैं, 'फिल्म 'ब्राइड हार्ड' में मुझे एक्शन करना अच्छा लगा। मुझे लगा कि यह मजेदार काम है। मैंने पहले ज्यादा एक्शन सीन्स फिल्मों में नहीं दिए हैं। लेकिन शूटिंग के आखिरी दिन सुबह 3 बजे मेरे साथ एक हादसा हुआ। एक फाइट सीन में गलती से एक बंदूक मेरे चेहरे पर लग गई। इससे मेरी नाक कट गई। सेट के लोग मुझे हॉस्पिटल लेकर गए। उस दौरान मैंने सोचा कि क्या मेरा चेहरा कभी ठीक हो पाएगा? मगर मैं लकी रही कि प्लास्टिक सर्जन ने मेरी नाक को ठीक कर दिया।'

रेबेल विल्सन ने सोशल मीडिया पर अपनी नाक पर लगी चोट की तस्वीरें भी साझा की हैं। साथ ही वह बताती हैं कि उन्हें नाक पर लगे चोट के निशान को ठीक करने के लिए लेजर ट्रीटमेंट का सहारा लेना पड़ा। वह कहती हैं, 'वैसे अब मैं टॉम क्रूज और डेनियल क्रेग की लिस्ट में शामिल हो गई हूं। वे भी एक्शन मूवी करते हुए घायल हुए हैं।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल ने 'दृश्यम 3' का किया खुलासा, अक्टूबर में शुरू होगी शूटिंग



साउथ सुपरस्टार मोहनलाल ने इस साल 'एल 2 एम्पुरान' और 'थुडारम' जैसी फिल्में दी हैं। अब मोहनलाल ने अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' की तीसरी कड़ी का भी एलान कर दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है।

अभिनेता मोहनलाल ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट में मोहनलाल के इंटेंस लुक से होती है। जिसमें उनकी आंख पर केंद्रित किया गया है। इसके बाद स्क्रीन पर लिखकर आता है 'दृश्यम 3'। बाद में वीडियो में मोहनलाल फिल्म के निर्देशक जीतू जोसेफ और निर्माता एंटनी पेरुंबवूर के साथ गले मिलते और मुस्कुराते हुए नजर आते हैं। अंत में लिखकर आता है 'लाइट कैमरा अक्टूबर।'इस वीडियो को शेयर करते हुए मोहनलाल ने कैप्शन में लिखा, 'अक्टूबर 2025 - कैमरा वापस जॉर्जकुट्टी की ओर मुड़ता है।'जिससे स्पष्ट है कि फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू होगी। दृश्यम एक सस्पेंस थ्रिलर मर्डर फिल्म है। जिसके दो पार्ट पहले ही आ चुके हैं। साल 2013 में मोहनलाल दृश्यम लेकर आए थे। इसके बाद 2021 में दृश्यम 2 रिलीज हुई थी। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी काफी सफल रही थीं और क्रिटिक्स ने भी इन फिल्मों को सराहा था। अब मोहनलाल फिल्म का तीसरा पार्ट 'दृश्यम 3' लेकर आ रहे हैं। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज है। मोहनलाल की अब तक आई दोनों ही दृश्यम का हिंदी में भी रीमेक बना है। जिनमें अजय देवगन और तब्बू प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। हिंदी में भी इन दोनों ही फिल्मों को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इन दोनों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की।

### भोजपुरी

## धमाल कर रहा प्रेमानंद पर बना खेसारी का नया गाना, मिले मिलियन व्यूज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने अभिनय के साथ-साथ गायिकी के लिए भी लोकप्रिय हैं। आए दिन वे नए-नए गाने रिलीज करते हैं। यूं तो खेसारी अधिकांश धूम-धड़ाके वाले गाने लेकर आते हैं। मगर, हाल ही में वे भक्ति सॉन्ग लाए हैं। यह गाना आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज के ऊपर है। इस गाने को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। खेसारी लाल यादव के नए गाने का टाइटल है 'तेरे प्यार में पागल प्रेमानंद'। यह गाना गुरुवार 19 जून को यूट्यूब पर रिलीज हुआ। इसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। दो दिनों के अंदर गाने को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। खबर लिखे जाने तक गाने को 16, 46, 907 व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में खेसारी लाल भक्ति भाव में डूबे हुए हैं। पीले रंग के वस्त्र धारण कर वे भजन गा रहे हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने गाया है। वहीं, इसके बोल लिखे हैं मनोज मतलबी ने। संगीत जयदीप वर्मा ने तैयार किया है। लक्की विश्वकर्मा ने गाने का निर्देशन किया है। यह गाना 'खेसारी डिवोशनल' नाम के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। वृंदावन निवासी आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज पर बने इस गाने पर यूजर्स के कमेंट भी काफी अच्छे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यकीन मानिए खेसारी जी आप भक्ति गाने और ज्यादा मीठा आवाज में गाते हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खेसारी लाल ने अब तक इतनी सच्ची भावना से कोई भी गाना नहीं गाया था।

## फिटनेस के लिए फैशन



लाइफ स्टाइल

फैशन अब सिर्फ लाइफ स्टाइल का विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि फिटनेस भी अब वैश्विक फैशन में एक महत्वपूर्ण प्रभावशाली प्रवृत्ति बन गया है। एक्टिववियर की बिक्री में तेजी आ रही है, और एक्टिव स्पोर्ट्स परिधान आज फैशन में सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में से एक है।

# नेल पॉलिश खरीदते वक्त गलतियां हो जाती है अक्सर, आप भी जानें और रहें इससे बचकर



जिस तरह से मेकअप महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, ठीक उसी तरह से नेल पॉलिश की वजह से हाथों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बाजार में मिलने वाली नेल पॉलिश या नेल पैंट महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा है। ये बड़ी ही आसानी से आपको कम दाम में भी मिल जाती है। पर, क्या कभी आपने देखा है कि एक ही शेड हर किसी पर अच्छा नहीं लगता है। ऐसा गलत नेल पॉलिश के चयन की वजह से होता है। जी हां, नेल पॉलिश खरीदते समय जब स्किन टोन का ध्यान न दिया जाए तो ये आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की जगह घटा देती है। यही वो गलती है जिसे ज्यादातर महिलाएं करती हैं।

**फेयर टोन :** यदि आपकी स्किन टोन फेयर है, यानी कि रंग गोरा है तो बहुत डार्क ब्राउन या मड शेड्स से दूरी बनाकर रखें। इससे आपके हाथ अजीब से दिखेंगे। इनकी बजाय आप पिंक, पीच, बेबी ब्लू, लाइट रेड, लैवेंडर रंगों का चयन कर सकती हैं। ये फेयर टोन पर देखने में अच्छे लगते हैं।

**मीडियम टोन:** यदि आपकी स्किन टोन मीडियम है यानी कि रंग गेहुआ है तो बहुत लाइट पिंक और पीले जैसे रंगों से दूरी बनाएं। इसकी जगह अगर आप कोरल, रोज गोल्ड, मरून, ब्राउन-न्यूड्स, मल्टीकलर शिमर नेल पॉलिश इस्तेमाल करेंगी तो आपके हाथ देखने में खूब अच्छे लगेंगे।


**डार्क टोन:** यदि आपकी स्किन टोन डार्क है यानी कि रंग सांवला है तो सफेद या फिर पेस्टल रंगों से दूर रहें। इसकी जगह आप बरगंडी, प्लम, डार्क रेड, डीप ब्लू, ब्रॉन्ज, मेटालिक शेड्स का चयन कर सकती हैं। ये रंग आपके नाखूनों की रंगत कई गुना बढ़ा देंगे।

**इस बात का भी ध्यान रखें:** नेल पॉलिश खरीदने जा रही हैं तो ये बात जहन में रखें कि नेल पॉलिश सिर्फ नाखूनों की से लिए नहीं होती, इसकी वजह से आपकी पर्सनालिटी अलग दिखती है। खासतौर पर अगर आप स्किन टोन का ध्यान में रखकर शेड चुनती हैं, तो न सिर्फ आपके हाथ खूबसूरत दिखेंगे, बल्कि आपका ओवरऑल लुक भी ग्लैमरस और बैलेंस्ड लगेगा।

# आपको पता होंगी कुछ खास फैशन हैक्स तो बन जाएंगी स्टाइलिश



ऐसी कोई महिला नहीं होगी, जो चाहती हो कि तैयार होने के बाद उनका लुक खराब दिखे। अपने लुक को सबसे बेस्ट बनाने के लिए महिलाएं बॉलीवुड से लेकर हर टॉप अभिनेत्री के लुक्स देखती हैं। पर, कई बार एक छोटी सी गलती उनकी मेहनत पर पानी डाल देती है।



### टी शर्ट को बनाएं क्रॉप टॉप



यदि आप किसी टीशर्ट को पहन-पहन कर बोर हो गई हैं तो बिना सोचे उससे क्रॉप टॉप तैयार कर लें। इसके लिए आपको टी शर्ट को काटने की जरूरत नहीं है। बल्कि इसके लिए सिर्फ अपनी लंबी टी-शर्ट को सामने से थोड़ा अंदर मोड़ें और पीछे से नॉट बांधें। आप इसका उल्टा भी कर सकते हैं, यानी कि पीछे से टीशर्ट को इन करके आगे से गांठ बांध लें।

### जींस टाइट हो गई है तो क्या करें

यदि आपकी जींस टाइट हो गई है और उसका बटन बंद नहीं हो रहा है तो एक रबड़ बैंड को बटन पर लपेटें और फिर उसे बटन से बटनहोल में घुमाकर वापस बटन पर लपेट दें। इसके बाद आपको बटन बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### डीपनेक या बैकलेस में कैसे इनरवियर पहनें ?

एथनिक से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में अब बैकलेस और डीपनेक आउटफिट आने लगे हैं। ऐसे में इसके साथ सही इनरवियर पहनना जरूरी है। यदि आप गलत इनरवियर पहनेंगी तो ये बाहर से दिखेंगे, जिससे आप खुद असहज हो सकते हैं। ऐसे में साधारण इनरवियर की जगह स्टिक-ऑन टेप या निपल पैच का इस्तेमाल करें।

### ओवरसाइज कपड़े को ऐसे करें स्टाइल

अक्सर हम ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन भी ऐसे कपड़े खरीद लेते हैं, जो साइज में बड़े होते हैं। ऐसे आउटफिट्स को आप बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं।

# पाउडर फाउंडेशन है अब ट्रेंड में, जानें इसके फायदे और इस्तेमाल का तरीका



जैसे एक समय तक फाउंडेशन क्रीम बेस्ड आता था, लेकिन अब महिलाओं का झुकाव पाउडर बेस्ड फाउंडेशन की तरफ हो गया है। इसका इस्तेमाल करना आसान होता है, और इससे चेहरा खिला-खिला भी लगता है। पाउडर फाउंडेशन इस्तेमाल करने के फायदे हैं इसका इस्तेमाल जरूर जानिए।

### क्या होता है पाउडर फाउंडेशन?

दरअसल, ये एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जो चेहरे को स्मूद, मैट और ईवन टोन लुक देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके इस्तेमाल के बाद आपको चेहरे पर पाउडर का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। इसे ब्रश, पफ या फिर स्पंज की मदद से लगाया जा सकता है।

### ऐसे करें अप्लाई

पहला स्टेप- इसे अप्लाई करने के लिए सबसे पहले हमेशा की तरह ही अपने चेहरे को तैयार करना है। उसके चेहरे को धोकर उसपर पहले तो मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका फाउंडेशन लंबे समय तक टिक जाए। दूसरा स्टेप- इसके बाद आपको ऐसे टूल का चयन करना है, जिससे आप आसानी से पाउडर फाउंडेशन को अप्लाई कर सकें। इसके लिए आप ब्रश, पफ या ब्यूटी स्पंज का इस्तेमाल कर सकते हैं। तीसरा स्टेप- सही टूल चुनने के बाद इससे चेहरे पर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पाउडर फाउंडेशन अप्लाई करें और इसे पूरे चेहरे पर सही से ब्लेंड करें। याद रखें कि ये सबसे अहम स्टेप है। पाउडर फाउंडेशन को पूरे चेहरे पर एकसार लगाएं, जिससे चेहरे पर कहीं कोई पैच न दिखे। बस ये अप्लाई हो गया है, अब इसके बाद आप अन्य मेकअप कर सकते हैं।

# स्किन से जुड़ी हर दिक्कत का हल है ये नियासिनमाइड, जानें इसके बारे में

आजकल आपने अक्सर टीवी पर सुना होगा कि जिन स्किन केयर प्रोडक्ट में नियासिनमाइड होता है, वो त्वचा की कई परेशानियों को दूर करते हैं। इसलिए आपको इसके बारे में जानना जरूरी है।

### सबसे पहले जानें कि नियासिनमाइड क्या है?

दरअसल, नियासिनमाइड को निकोटिनामाइड भी कहा जाता है। ये पानी में घुलनशील विटामिन है जो त्वचा की हेल्थ को बेहतर बनाता है। इसका इस्तेमाल चेहरे के लिए सीरम, मॉइश्चराइजर और क्रीम में किया जाता है। अब जानते हैं कि इसके फायदे और नुकसान क्या हैं। अब जानिए इसके फायदे भी।



स्किन टोन में निखार आता है।

### स्किन टोन को निखारे

यदि आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो ऐसे प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें, जिसमें नियासिनमाइड हैं। क्योंकि नियासिनमाइड के नियमित उपयोग से चेहरे पर आए डार्क स्पोर्ट्स, पिग्मेंटेशन को कम करता है। इससे चेहरे की डीप क्लीनिंग होती है, जिस कारण

### चेहरे के अतिरिक्त तेल को करे कंट्रोल

यदि आपका चेहरा काफी ऑयली है तो भी नियासिनमाइड वाले स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। ऐसे प्रोडक्ट चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करते हैं, जिस कारण त्वचा पर आने वाले मुंहासे भी कम होते हैं।

## कार्नर न्यूज


### खुद को ऐसे स्टाइल करें कि लोग देखते ही इंप्रेस हो जाएं

# आपमें हसरत है स्टाइल आइकन बनने की तो कुछ बातें जरूर याद रखेंगे, दिखेगा जलवा

युवा वर्ग के लड़कों में ये जानने की बहुत उत्सुकता होती है, कि आखिर महिलाओं को कैसे लड़के ज्यादा अच्छे लगते हैं। वो ये जानना चाहते हैं कि खुद को किस तरह से स्टाइल करें, कि महिलाएं उन्हें देखते ही उनसे इंप्रेस हो जाएं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो इन सवालों का जवाब जानना चाहते हैं, तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। यहां हम आपको बताएंगे कि महिलाओं को कैसे टाइप के पुरुष स्टाइलिश लगते हैं। यदि आप भी इन बातों का ध्यान रखेंगे तो कोई न कोई आपसे भी इंप्रेस हो जाएगा।

### जो पहनें साफ कपड़े

लड़के अक्सर जल्दबाजी के चक्कर में एक ही कपड़े बिना धोए को बार-बार रिपीट करके पहनते हैं। अगर ये गंदे नहीं है और इनसे बदबू नहीं आ रही है तब तो ठीक है, लेकिन अगर ये गंदे हैं तो आप ये गलती न दोहराएं। महिलाएं उन पुरुषों को ज्यादा पसंद करती हैं, जो हमेशा साफ-सुथरे कपड़े पहनते हैं। इन कपड़ों से बदबू तो कतई नहीं आनी चाहिए।



### जो ग्रूमिंग पर ध्यान दें

वैसे तो आज-कल के युवा लड़के अपनी ग्रूमिंग पर काफी ध्यान देते हैं। पर, अगर आप ऐसा नहीं करते तो संभल जाइए। हफ्ते में कम से कम एक बार सैलून जाकर ग्रूमिंग कराइए। यानि कि हफ्ते में कम से कम एक बार आपको हेयर कट लेना चाहिए और दाढ़ी भी सेट करा लेनी चाहिए। इसके साथ-साथ बालों को हमेशा सेट करके रखें, बिखरे बाल लुक खराब कर सकते हैं।

### जो साफ और सही जूते पहनें

जूते आपके स्टाइल और व्यवहार को दर्शाते हैं। ऐसे में अपने आउटफिट के हिसाब से ही आउटफिट पहनें। जैसे आप फॉर्मल आउटफिट के साथ कभी स्पोर्ट्स शूज नहीं पहन सकते। इसके साथ-साथ ये भी ध्यान रखें कि ये जूते साफ ही होने चाहिए। गंदे जूते आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं।



### जो स्मार्ट एक्सेसरीज का इस्तेमाल करें

सिर्फ कपड़े जरूरी नहीं है, महिलाओं को इंप्रेस करने के लिए आपके लुक में सही और स्मार्ट एक्सेसरीज का होना जरूरी है। जैसे कि घड़ी, बेल्ट, ब्रेसलेट या परफ्यूम जैसी छोटी चीजें आपके लुक को कम्प्लीट करती हैं। बस ध्यान रखें कि ज्यादा चीजों का इस्तेमाल न करें और परफ्यूम को काफी लाइट ही रखें।

### सबसे जरूरी है आत्मविश्वास

ऊपर दिए गए टिप्स के साथ-साथ आपमें आत्मविश्वास बेहद जरूरी है। ध्यान रखें कि भले ही आप कितने ही महंगे कपड़े पहन लें, या कितनी भी अच्छी एक्सेसरीज इस्तेमाल कर लें, लेकिन अगर आपमें आत्मविश्वास नहीं है, तो सब चीजें बेकार हैं। इसलिए किसी महिला को इंप्रेस करना है तो आत्मविश्वास को सबसे ऊपर रखें।